## आज का मौसम

बादल छाए रहने के साथ बूंदाबांदी के आसार

33.0⁰ अधिकतम तापमान | 26.0⁰ न्यूनतम तापमान

## शहर में आज

- सेवानिवृत्ति राज्य कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन का कलेक्ट्रेट में मुख्य कोषाधिकारी को ज्ञापन सुबह 11 बजे।
- उत्तरायणी जनकल्याण समिति की ओर से कैंट में नटराज टॉकीज स्थित शहीद स्मारक पर स्वर्गीय हेमंत बिष्ट को श्रद्धांजलि सुबह 9 बजे।
- श्री राधामाधव संकीर्तन मंडल की रासलीला और रामलीला के संबंध में त्रिवटीनाथ मंदिर में प्रेसवार्ता दोपहर 1 बजे
- दरगाह खानकाहे नियाजिया पर शब्बू मियां के चालीसवें की फातिहा शाम 5 बजे।
- श्री द्वारकाधीश सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से नैनीताल रोड पर अनिल शहीद गेट के पास शिवपार्वती मंदिर से कलश यात्रा शाम 5 बजे।



## रामगंगा तट पर उमड़ी स्नान-दान करने वालों की भीड़

पितृपक्ष की पूर्णिमा के साथ बुधवार को पितरों के ऋण से मुक्त होने और उनकी आत्मा की शांति के लिए कर्मकांड का दौर शुरू हो गया। इसकी शुरुआत स्नान और दान से हुई जिसके लिए रामगंगा के तट पर भारी भीड़ उमड़ी। रामगंगा के उफान और तेज बहाव की वजह से खतरा होने के बावजूद लोगों ने स्नान किया और उसके बाद संकल्प लेकर पिंडदान किया और पितरों से परिवार की खुशहाली और सुख-शांति के लिए आशीर्वाद मांगा। तड़के शुरू हुआ यह दौर शाम तक चलता रहा। रामगंगा के तट पर इस दौरान किसी मेले जैसा माहौल नजर आया। ● मोहित कुमार सिंह

## ...ताकि पितरों की आत्मा को मिले शांति



### कड़ी निगरानी

उफनती रामगंगा कई दिनों से चेतावनी के निशान के करीब है। बुधवार को नदी के तट पर भीड़ उमड़ी तो पुलिस चौकस हो गई। शाम तक मोटरबोट से निगरानी करती रही।





### सुरक्षित जगह ढूंढना मुश्किल

तेज प्रवाह के साथ रामगंगा का पानी तटीय क्षेत्र में हिलोरें मार रहा है। इसलिए स्नान करने पहुंचे लोगों को ऐसा सुरक्षित क्षेत्र तलाश करने में काफी दिक्कत हुई। दूसरी मुश्किल यह रही कि जहां पानी कम था, वहां भीड़ बहुत ज्यादा थी। महिलाओं को इससे ज्यादा दिक्कत हुई।

## नशे में कार चला रहे 29 लोगों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस ने की कार्रवाई

**बरेली, अमृत विचार :** शहर में शराब पीकर कार चलाने वालों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस ने अभियान शुरू कर दिया है। बुधवार को ड्रंक एंड ड्राइव नाका लगाकर अभियान चलाया गया। इस दौरान 29 कार चालकों पर कार्रवाई करते हुए 10-10 हजार रुपये का चालान किया गया। पुलिस अधीक्षक यातायात मोहम्मद अकमल खां ने बताया कि 12 से 17 सितंबर तक ड्रंक एंड ड्राइव नाका लगाकर अभियान चलाकर 29 चालकों के चालान किए गए। इन सभी के वाहनों को कब्जे में लेकर स्थानीय थाने में खड़ा करा दिया गया और अगले दिन सुबह परिजनों के सुपुर्द किया गया। इस कार्रवाई में ट्रैफिक पुलिस के साथ लोकल थानों की पुलिस भी शामिल की गई थी। उन्होंने कहा कि आगे भी अभियान चलाया जाएगा। इस कार्रवाई के बाद देर रात शराब पीकर हुड़दंग करने वालों में कमी आई है। हालांकि शहर में जाम की समस्या के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस की ओर से कोई पहल नहीं है। बुधवार को भी सड़कों पर जाम की स्थिति रही।

# इन लाइटों को ही तो स्मार्ट सिटी की शान बताया था आपने

## करोड़ों फूंककर लगाई गई थीं, अब शहर में हर तरफ दिख रही हैं दुर्दशाग्रस्त, फिर भी कोई सुध लेने वाला भी नहीं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** स्मार्ट सिटी में लगाई गई लाइटों पर करोड़ों फूंका गया था, इसलिए उनका गुणगान भी जमकर किया गया। दावा किए गए थे जितनी लाइटें पिछले कई बरसों में नहीं लगाई जा सकीं, उतनी एक झटके में लगाकर पूरे शहर को जगमग कर दिया गया है, लेकिन साल भर ही गुजर पाया है कि दुर्दशा की शिकार हुई ये लाइटें कोई दूसरा ही सच रोशन करने लगी हैं। यही कि करोड़ों उड़ाने के बाद अब किसी को इन लाइटों से कोई मतलब नहीं रह गया है।

स्मार्ट सिटी बनाने वालों के दावों को याद किया जाए तो उनके मुताबिक शहर में 80 हजार लाइटें लगाई गई थीं। ये तो नहीं बताया गया कि 80 हजार लाइट लगाने पर कुल कितना बजट खर्च किया गया लेकिन यह हर तरफ दिख रहा है कि तमाम इलाकों में ज्यादातर लाइटें बंद पड़ी हैं। वीआईपी इलाकों में लगाई गई तमाम लाइटें चोरी भी हो चुकी हैं। कहीं फैंसी खंभों के साथ धराशायी पड़ी हैं तो कहीं टेढ़ी- मेढ़ी हो गई हैं। सड़कों पर उनकी रोशनी ही नहीं आ रही है।

उन इलाकों में स्मार्ट सिटी की लाइटें बंद होना ज्यादा दुखदायी साबित हो रहा है, जहां सड़कों में बेतहाशा गड्ढे हैं और रात-बिरात लोगों को सुरक्षा के साथ चलने के लिए रोशनी की जरूरत पड़ती है। आजकल बरसात के दिनों में यह मुसीबत बढ़ गई है।



सिटी स्टेशन रोड जैसे महत्वपूर्ण मार्ग पर कई जगह नहीं है लाइट। ● अमृत विचार

### लाखों कीमत के टाइमर भी नहीं कर रहे काम

स्मार्ट सिटी की लाइटें शाम को खुद ब खुद जल जाएं और सुबह बंद हो जाएं, इसके लिए उनमें लाखों रुपये कीमत के टाइमर भी लगाए गए थे लेकिन ये टाइमर भी घटिया निकले और जल्द ही खराब हो गए। सिविल लाइंस, रामपुर बाग, विकास भवन, पुराना बस स्टेशन, बिशप मंडल कॉलेज रोड और जंक्शन रोड समेत कई इलाकों में दिन में भी लाइटें जलती रहती हैं। टाइमर ठीक कराने के बजाय पिछले दिनों नगर निगम कर्मचारियों को लाइटें जलाने-बुझाने की जिम्मेदारी दी गई थी लेकिन इससे भी समस्या हल नहीं हो पाई।



तीन सौ बेड अस्पताल के पास लाइट गायब।



स्मार्ट : पेड़ के पत्तों के बीच लगा दी लाइट।



कई जगह लगी लाइटें आड़ी-तिरछी हो गई हैं। ● अमृत विचार

> लाइटों में ऑटोमैटिक स्विच है। इनकी नियमित देखभाल भी की जाती है। अगर कहीं कोई खराबी है तो उसे ठीक करा दिया जाएगा। पथ प्रकाश विभाग को निर्देश दिए जाएंगे।
> **- सुनील कुमार यादव**, अपर नगर आयुक्त

### पड़ताल : ये है स्मार्ट सिटी की लाइटों की हालत

- सेटेलाइट तिराहे से शहामतगंज चौराहे तक 32 लाइटों का रुख सड़क की तरफ नहीं था। इस सड़क पर कई जगह मैनहोल सड़क से ऊंचे है। रात को पैदल चलने वाले लोग ही इनसे अक्सर ठोकर नहीं खाते हैं बल्कि बाइक पर गुजरने वाले लोगों को भी झटके झेलने पड़ते हैं।
- कालीबाड़ी से चौपुला पुल तक करीब 14 लाइटों का रुख सड़क के बजाय इधर-उधर हो गया है। सिटी स्टेशन रोड पर जहां टूटी सड़क पर गिट्टी और मिट्टी डालकर गड्ढे भरे गए हैं, वहां लाइट ही नहीं है।
- सिविल लाइंस में गांधी उद्यान से चौकी चौराहे तक करीब 8 लाइटें टूटी हुई हैं। तीन सौ बेड अस्पताल रोड पर एक लाइट पोल समेत कई दिन से सड़क पर गिरी पड़ी है। चार लाइटें टेढ़ी होकर दीवार पर रोशनी फेंक रही हैं। इसी रोड पर एक लाइट पेड़ की टहनियों में छिपी हुई है, उसकी रोशनी भी पत्तों से बाहर नहीं आ पाती।
- खुर्रम गौंटिया रोड पर चार जगह लाइटें बेतरतीब लगी हुई है। मालियों की पुलिया पर चार लाइटें खराब पड़ी हुई हैं। यहां लाइट के तार खुले होने के कारण कुछ समय पहले कई हादसे हो चुके हैं लेकिन उन्हें अब तक ठीक नहीं कराया गया है। नावल्टी चौराहे पर दो लाइटें तिरछी होकर झुक गई हैं।

## गैरहाजिर दो बस चालकों की सेवा समाप्त, 20 से ज्यादा को नोटिस

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बरेली और रुहेलखंड डिपो में लंबे समय से गैरहाजिर चल रहे हैं चालक-परिचालक

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम ने लंबे समय से गैरहाजिर चल रहे दो संविदा बस चालकों की सेवा समाप्त कर दी गई है, जबकि काम पर नहीं आने वाले 20 से अधिक चालक और परिचालकों को अंतिम नोटिस जारी किया गया है।

बरेली और रुहेलखंड डिपो में चालक-परिचालकों की कमी से बसों का संचालन प्रभावित हो रहा है। बरेली डिपो के एआरएम संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि बरेली डिपो के संविदा चालक ध्रुव कुमार और शहजाद खां लंबे समय से गैरहाजिर चल रहे थे। कई बार नोटिस देकर काम पर आने को कहा गया था, लेकिन वह नहीं लौट रहे थे। इसकी वजह से बुधवार को दोनों की सेवा समाप्त कर दी गई है। वहीं बरेली और रुहलेखंड डिपो के 20 से अधिक संविदा चालक और परिचालकों को काम पर आने के लिए अंतिम नोटिस भेजा गया है। अगर एक सप्ताह में वह काम पर नहीं लौटे तो उनकी भी संविदा समाप्त कर दी जाएगी।

# 30 गांवों ने झेला बिजली संकट, अफसरों ने सिर्फ एक मेसेज भेजा और चैन से सोए

कार्यालय संवाददाता, बरेली



- नदौसी ट्रांसफार्मर खराब हो जाने के बाद अधिकारियों ने नहीं की वैकल्पिक व्यवस्था

> नदोसी उपकेंद्र पर ट्रांसफार्मर में खराबी होने की वजह से सप्लाई बाधित हो गई थी। कंपनी के कर्मचारियों को बुलाकर ट्रांसफार्मर को ठीक कराया जा रहा है। जब तक अन्य जगह से आपूर्ति दी जा रही है।
> -ज्ञानेन्द्र सिंह, अधीक्षण अभियंता

**अमृत विचार:** अधिकारियों की लापरवाही से नदौसी उपकेंद्र के 30 गांवों में 15 घंटे से अधिक समय तक बिजली संकट झेलना पड़ा। अधिकारियों ने कोई दूसरी व्यवस्था करने के बजाय एक लाख लोगों को अगले दिन बिजली आने का मेसेज भेजकर इतिश्री कर ली। मंगलवार शाम को ठप हुई बिजली बुधवार दोपहर बहाल हुई, लेकिन कुछ देर बाद फिर गुल हो गई।

नदौसी उपकेंद्र के तिलियापुर फीडर पर मंगलवार सुबह तार टूटने से बिजली सप्लाई बाधित हो गई थी। शाम तक तार को किसी तरह से ठीक किया, लेकिन उसके बाद उपकेंद्र पर लगे पांच एमबीए के ट्रांसफार्मर में खराबी आने से 30 से अधिक गांवों में बिजली गुल हो गई।

समय से ट्रांसफार्मर में खराबी का पता लगने के बाद भी अधिकारियों ने वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की, जबकि रफियाबाद फीडर या बीएच की लाइन से 30 गांवों में रोस्टिंग से सप्लाई की जा सकती थी। अधिकारियों ने उपभोक्ताओं को मेसेज भेज दिया कि अगले दिन ही सप्लाई बहाल हो सकेगी। इसकी वजह से एक लाख से अधिक लोग मंगलवार शाम 5 बजे तक बुधवार दोपहर तक बिजली गुल होने से परेशान हो गए। दोपहर बाद बिजली आई लेकिन कुछ देर बाद फिर गुल हो गई। इसके बाद रोस्टिंग से सप्लाई शुरू की गई। अधिशासी अभियंता प्रथम मनोज कुमार ने बताया कि ट्रांसफार्मर में खराबी होने की वजह से रोस्टर के हिसाब से बिजली सप्लाई की जा रही है। ट्रांसफार्मर को कंपनी के कर्मचारी ठीक करने में लगे हुए हैं। हालांकि अभी बिजली बहाल नहीं हुई है।

### कुदेशिया फाटक के पास खंभे गिरने से बिजली गुल

किला उपकेंद्र के कुदेशिया फाटक के पास मंगलवार देर रात बिजली के दो खंभे टूटकर गिर गए। इसकी वजह से 11 हजार की लाइन की सप्लाई बाधित हो गई और कुदेशिया फाटक, हार्टमन, सिद्धार्थनगर, शास्त्रीनगर, अशरफ खां छावनी और चार नंबर फीडर के अन्य मोहल्ले में बिजली गुल हो गई। एसडीओ किला रामखिलावन ने बुधवार सुबह से दूसरे खंभे लगवाए, इसके बाद शाम को सप्लाई बहाल हो सकी। इसके अलावा बाकरगंज, हुसैन बाग, खन्नू मोहल्ला, गढ़ैया आदि जगह लोकल फाल्ट से परेशानी हुई।

### दुर्गानगर उपकेंद्र से जुड़े इलाकों में आज बाधित रहेगी सप्लाई

दुर्गानगर उपकेंद्र से जुड़े संजयनगर फीडर पर गुरुवार को आरडीएसएस योजना के तहत काम कराने की वजह से बिजली सप्लाई बाधित रहेगी। अधिशासी अभियंता सुरेन्द्र गौतम ने बताया कि केबल डालने की वजह से गुरुवार सुबह 10 से शाम 4 बजे तक तुलाशेरपुर, लक्ष्मी नगर, सैनिक कालोनी गली नंबर-10 और बजरंग ढाबा के सामने समेत अन्य जगह पर बिजली सप्लाई बाधित रहेगी।

### सुभाषनगर और मढ़ीनाथ में देर रात बिजली हुई बहाल

सुभाषनगर और मढ़ीनाथ उपकेंद्र से जुड़े इलाकों में मंगलवार शाम को फाल्ट होने से रात में बिजली गुल हो गई। मढ़ीनाथ, शांति विहार, गणेशनगर, बदायूं रोड, बीडीए कॉलोनी, राजीव कॉलोनी, विश्ननाथपुरम समेत अन्य जगह पर रात 12 बजे के बाद सप्लाई बहाल हो सकी। उसके बाद बुधवार को भी लोकल फाल्ट और ट्रिपिंग की समस्या रही। वहीं कुतुबखाना, शाहदाना और अन्य जगह पर भी बुधवार को बिजली का संकट बना रहा।

# फिटनेस कराने पर खुली पोल, रंग बदलकर शहर में दौड़ रहे हैं देहात के ऑटो

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बड़ी संख्या में देहात परमिट के ऑटो का पीला रंग बदलकर कर लिया हरा

**अमृत विचार :** देहात परमिट के पीले रंग के ऑटो को हरा करके शहरी क्षेत्र में दौड़ाया जा रहा है। जब ऑटो फिटनेस के लिए ट्रांसपोर्ट नगर में फिटनेस सेंटर पर पहुंच रहे हैं तो इसका खुलासा हो रहा है।

सेटेलाइट, किला और चौपुला से देहात परमिट के ऑटो का संचालन किया जाता है। नया सिटी परमिट जारी करने पर कई साल से रोक लगी है लेकिन इसके बाद भी शहर में ऑटो की संख्या लगातार बढ़ रही है, क्योंकि देहात परमिट के ऑटो शहर में दौड़ रहे हैं। शहर में ऑटो की संख्या बढ़ने से जाम भी लगता है लेकिन इसके बावजूद कोई रोकटोक नहीं है। ट्रांसपोर्ट नगर में फिटनेस सेंटर पर ऑटो की फिटनेस कराने पर पता चल रहा है कि हरे रंग के ऑटो देहात परमिट के हैं।

इस पर आरआई ऑटो को वापस कर पीला रंग कराकर आने के बाद ही फिटनेस की हिदायत दे रहे हैं। आरआई टेक्निकल एमपी सिंह ने बताया कि बड़ी संख्या में पीले ऑटो हरा रंग कराने के बाद फिटनेस कराने के लिए आ जाते हैं, जिन्हें वापस कर पीला रंग कराकर लाने को कहा जा रहा है।

# तीन सौ बेड अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में अचानक गिरी फाल्स सीलिंग

कार्यालय संवाददाता, बरेली



- गनीमत रही वार्ड में नहीं भर्ती हो रहे हैं मरीज, कोई स्टाफ भी नहीं था मौजूद
- देखरेख न होने से लगातार खराब हो रहा है 80 करोड़ से बनी बिल्डिंग का हाल

**अमृत विचार :** तीन सौ बेड अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड की फाल्स सीलिंग बुधवार सुबह भरभराकर गिर गई। गनीमत रही कि वार्ड में न मरीज भर्ती किए जा रहे हैं, न ही हादसे के वक्त यहां कोई कर्मचारी मौजूद था। इस वजह से बड़ा हादसा होने से बच गया।

सपा शासन के दौरान वर्ष 2016 में मंडल भर के मरीजों को सुपर स्पेशियलिटी सुविधाएं देने के लिए तीन सौ बेड अस्पताल बनाया गया था लेकिन सरकार बदलने के बाद अब तक उसे शुरू नहीं किया गया है। कोरोना काल में जरूर इसका इस्तेमाल किया गया और अब भी सिर्फ ओपीडी ही यहां चलाई जा रही है। अस्पताल में लगाए गए कई महंगे उपकरण चोरी हो चुके हैं और बाकी बेकार पड़े हैं। देखरेख न होने की वजह से अब अस्पताल की बिल्डिंग भी खराब होने लगी है। बुधवार सुबह 11 बजे अचानक इमरजेंसी वार्ड की फाल्स सीलिंग भरभराकर ढह गई। आवाज इतनी तेज थी कि ओपीडी में मौजूद मरीज और कर्मचारी सहम गए। इमरजेंसी वार्ड में बने आईसीयू कक्ष में कोविड काल में आए वेंटिलेटर रखे हुए हैं, अक्सर इनकी सुरक्षा के लिए स्टाफ यहां तैनात रहता है लेकिन इत्तफाक रहा कि बुधवार को कोई स्टाफ भी यहां नहीं था वर्ना हादसे का शिकार हो सकता था।

### सीलन और दीमक से दीवारों का हाल खराब

करीब 80 करोड़ से बने तीन सौ बेड अस्पताल की बिल्डिंग तेजी से खराब हो रही है लेकिन न अफसरों को इसकी परवाह है न ही जनप्रतिनिधियों को। कोविड काल में संक्रमितों को यहां भर्ती किया था लेकिन अब पिछले चार साल से भवन खाली है। दो बजे ओपीडी खत्म होने के बाद स्टाफ भी चला जाता है। अनदेखी की वजह से दीवारों पर दीमक लग रही है। बारिश के कारण हर वार्ड में सीलन दिख रही है।

# तीन गांव के लोगों का पांच दिन से धरना जारी

- गांव वालों के समर्थन में भाकियू महात्मा टिकैत गुट भी आया

**सीबीगंज, अमृत विचार:** आजादी के बाद अब तक सड़क न बनने से परेशान तीन गांव के लोगों का पांच दिन से धरना जारी है। भारतीय किसान यूनियन (महात्मा टिकैत) गुट ने समर्थन किया है।

सीबीगंज के नदोसी वार्ड के परसाखेड़ा गौटिया, गोकुलपुर उर्फ गरगइया और बंजरिया गांव के हजारों लोग सड़क न बनने से परेशान हैं। कई बार पत्र लिखा और धरना दिया तो कुछ महीने पहले नगर निगम ने सर्वे कराकर गांव परसाखेड़ा के पश्चिम से एक सड़क प्रस्तावित की जो गांव के दूसरी ओर से जाते हुए बड़ा बाईपास पर निकलेगी। ग्रामीणों ने इसका विरोध शुरू कर दिया। उनका कहना है कि सड़क ईंट भट्टे से होकर निकाली जाए ताकि कई गांव के लोगों को फायदा हो। इसके बाद नगर निगम ने कुछ किया ही नहीं। अब ग्रामीणों ने फिर धरना शुरू कर दिया है। बुधवार को भाकियू महात्मा टिकैत गुट ने भी उनका समर्थन कर दिया है। जिलाध्यक्ष दुर्गेश मौर्य ने बताया कि सड़क न होने से स्कूली बच्चे भी दिक्कत झेल रहे हैं।



सड़क बनाने की मांग को लेकर धरने पर बैठे ग्रामीण। ● अमृत विचार

# जन-जन को राम के आदर्शों और रामायण के मूल्यों से जोड़ने की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- तहसील और ब्लॉक स्तर पर दीपदान के साथ 8, 12 और 24 घंटे के रामायण पाठ कार्यक्रम होंगे
- प्रमुख सचिव ने महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाने के डीएम और मंडलायुक्त को दिए निर्देश



**अमृत विचार :** अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर बनने के बाद राज्य सरकार श्री राम के आदर्शों के साथ रामायण में निहित मानव, सामाजिक और राष्ट्रीय मूल्यों से जन-जन को जोड़ने के लगातार प्रयास कर रही है। शासन स्तर पर इस बार महर्षि वाल्मिकी जयंती हर्षोल्लास से मनाने का निर्णय लिया गया है। ब्लॉक, तहसील और जनपद स्तर पर दीपदान के साथ 8, 12 और 24 घंटे का रामायण पाठ के कार्यक्रम होंगे।

यह कार्यक्रम किन-किन मंदिरों में आयोजित किए जाएंगे, इसकी रूपरेखा तैयार करने के लिए शासन स्तर से जिले के श्रीराम मंदिर, हनुमान मंदिर समेत रामायण से संबंधित किसी मंदिर का पता, फोटो, जीपीएस लोकेशन, मंदिर प्रबंधक का संपर्क सूत्र व मंदिर का विवरण की रिपोर्ट मांगी गई है।

प्रमुख सचिव मुकेश कुमार मेश्राम ने डीएम और मंडलायुक्त को पत्र भेजकर महर्षि वाल्मीकि की जयंती के मौके पर रामायण पाठ और दीपदान के कार्यक्रम कराने के लिए साफ-सफाई, पेयजल, सुरक्षा, ध्वनि, प्रकाश आदि की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए हैं। गायक कलाकारों और भजन मंडलियों का चयन करने को कहा गया है।

पत्र में श्रीराम व हनुमान मंदिर के अलावा रामायण से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण स्थलों/मंदिरों का चयन कर वहां पर भक्तिमय सांस्कृतिक आयोजन के साथ भजन भी कराने के निर्देश दिए हैं। प्रमुख सचिव ने अफसरों से कहा है कि जिले के चयनित मंदिर या स्थलों पर कलाकारों/भजन गायकों के नाम पते एवं मोबाइल नंबर की जानकारी पोर्टल के माध्यम से दें। आयोजन की पूर्व संध्या 17 अक्टूबर को उद्घाटन सहित संपूर्ण कार्यक्रम की कम से कम 10 फोटो, आयोजन स्थल का नाम पता, जिले का नाम, संक्षिप्त विवरण पोर्टल पर अपडेट करने के लिए कहा गया है। डीएम की अध्यक्षता वाली कमेटी कलाकारों का चयन करेगी। डीएम को कार्यक्रम कराने के लिए नोडल अधिकारी नामित करने के निर्देश दिए हैं।





# जाफरी का दाहिना हाथ विजय शर्मा भी गिरफ्तार

## पूछताछ में खोले जाफरी के कई राज, बोला- खुसरो अस्पताल में बनाई गई थीं डी फार्मा की फर्जी डिग्री और मार्कशीट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एसआईटी ने झुमका तिराहे पर दबोचा, 25 हजार का इनाम किया गया था घोषित
- राज खुलने के बाद कंप्यूटर समेत सारा डाटा नष्ट करके हो गया था फरार

**अमृत विचार :** डी फार्मा की फर्जी डिग्री देकर चार सौ छात्रों से करीब 3.69 करोड़ की ठगी करने वाले खुसरो कॉलेज के चेयरमैन शेर अली जाफरी का दाहिना हाथ और मास्टरमाइंड बताए जा रहे 25 हजार के इनामी विजय शर्मा को एसआईटी ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट में पेश करने से पहले की गई लंबी पूछताछ में उसने कई राज खोले। बताया, डी फार्मा के छात्रों को दी गईं फर्जी डिग्री और मार्कशीट उसने अपनी निगरानी में खुसरो अस्पताल में तैयार कराई थीं।

खुसरो कॉलेज में चार सौ छात्रों को डी फार्मा की फर्जी डिग्री देने का मामला कुछ दिन पहले तब तूल पकड़ा था जब कुछ छात्रों ने लाइसेंस और नौकरी के लिए आवेदन किया। सत्यापन में डिग्री फर्जी निकली तो छात्रों की ओर से थाना सीबीगंज में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की ओर से इस प्रकरण की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया था जिसने पिछले सप्ताह जाफरी और उसके बेटे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। ठगी के इस खेल में जाफरी का दाहिना हाथ बताया जा रहा विजय शर्मा फरार हो गया था जिस पर 25 हजार का इनाम घोषित किया गया था। बुधवार को एसआईटी ने विजय शर्मा को भी झुमका तिराहे से गिरफ्तार कर लिया।

एसआईटी की पूछताछ में विजय ने बताया कि उसने 2019 में आस्था कंसलटेंसी नाम से एक संस्था शुरू की थी जिसके जरिए कमीशन लेकर फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (पीसीआई) से स्कूल-कॉलेजों को डी फार्मा और बी फार्मा की मान्यता दिलाने लगा। वर्ष 2020 में उसकी मुलाकात खुसरो कॉलेज के चेयरमैन शेर अली जाफरी से हुई तो उसने उसके सामने प्रस्ताव रखा कि उसका कॉलेज इतना बड़ा है कि वह उसमें पैरामेडिकल कॉलेज भी खुलवा सकता है। बातचीत के बाद जाफरी से डील फाइनल हो गई और कॉलेज में डी फार्मा के दाखिला शुरू कर दिए गए।

विजय ने बताया कि किसी कारणवश कॉलेज को डी फार्मा और बी फार्मा की मान्यता नहीं मिल पाई। इस बीच वे लोग चार सौ छात्रों से 3.70 करोड़ रुपये ले चुके थे। यह मामला गले में फंसा तो सभी छात्रों को फर्जी डिग्री दे दी गईं। ये डिग्री खुसरो अस्पताल में तैयार की गई थीं। इस मामले में रिपोर्ट दर्ज हुई तो साक्ष्य मिटाने के लिए सारे डाटा के साथ कंप्यूटर को भी नष्ट कर दिया गया। विजय पर तीन आपराधिक केस पहले से दर्ज हैं।

**पांच मिनट में बना दूंगा मार्कशीट:** एसपी सिटी ने विजय शर्मा से पूछताछ की तो उसने बताया कि वह कैसी भी मार्कशीट तैयार कर सकता है। बोला, नाम बताइए, पांच मिनट में ऐसी मार्कशीट तैयार कर दूंगा जो कहीं आसानी से पकड़ में नहीं आएगी। खुसरो कॉलेज में डी फार्मा के छात्रों को उड़ीसा, हिमाचल प्रदेश के विश्वविद्यालयों के साथ रुड़की के मदरहुड विश्वविद्यालय और कानपुर के छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय की फर्जी डिग्री दी गई थीं।

### पत्नी और कई परिचितों के खाते में लिए पैसे

एसआईटी की जांच में पता चला कि विजय ने जाफरी के खाते से 60 से 70 लाख रुपये की रकम अपने खाते में ली थी। अपनी पत्नी के एक्सिस बैंक के खाते के साथ कुछ परिचितों के खाते में भी जाफरी के बैंक खाते से रकम डलवाई थी। एसआईटी इन सभी लोगों को चिह्नित कर रही है।


विजय शर्मा की गिरफ्तारी की जानकारी देते एसपी सिटी मानुष पारीक। ● अमृत विचार

> फरार विजय शर्मा को झुमका तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया है। फर्जी डिग्री प्रकरण में अब तक चार केस दर्ज किए गए हैं। एसआईटी आगे कार्रवाई कर रही है।
> – मानुष पारीक, पुलिस अधीक्षक नगर

### बड़ा आदमी बनने के लिए शुरू किया फर्जीवाड़ा

विजय शर्मा ने बताया कि वर्ष 2012 में वह सोनाटा माइक्रो फाइनेंस में नौकरी करता था। मैनेजर के पद पर वह फरीदपुर और धामपुर में तैनात रहा। नौकरी करते हुए उसे लगा कि वह बड़ा आदमी नहीं बन पाएगा। इसके बाद उसने सहारा क्यू शॉप में घरेलू सामान की बाइंडिंग का काम शुरू किया। इसी बीच उसकी मुलाकात खुर्जा (बुलंदशहर) के प्रमोद कुमार शर्मा से हुई जो कॉलेजों को बी फार्मा और डी फार्मा की मान्यता दिलाता था। उसके साथ रहते हुए उसे डी फार्मा और बी फार्मा जैसे कई कोर्स और उनमें एडमिशन कराने के तरीकों का पता चला। इसके बाद उसने बरेली में फर्जीवाड़े का यह खेल शुरू किया।

### खुद पाई बिना क्लास में जाए डिग्री तो आया फर्जीवाड़े का आइडिया

विजय ने बताया कि उसने 2018 में बैचलर ऑफ नेचुरोपैथी योगा साइंस (बीएनवाईएस) का कोर्स आंवला के नेशनल पैरामेडिकल कॉलेज से किया था जहां उसे क्लास में आए बगैर ही मार्कशीट और डिग्री दे दी गई थी। तभी उसे खुद भी ऐसा रैकेट चलाने का आयडिया आया। उसने 2019 में आस्था कंसलटेंसी रजिस्टर्ड कराई। इसी के जरिए उसने कमीशन लेकर फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया के जरिए देवरनियां के आला हजरत फार्मेसी कॉलेज, आंवला के न्यू खुसरो फार्मेसी कॉलेज और अलीगंज के मोहन इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी को बी फार्मा और डी फार्मा की मान्यता दिलाई।

### खुसरो अस्पतालः खुद नहीं आए डॉ. अतुल, पत्र भेजा

डी फार्मा की फर्जी डिग्री मामले में जेल गए शेर अली जाफरी के खुसरो अस्पताल को चलाने वाले डॉ. अतुल बुधवार को भी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के सामने हाजिर नहीं हुए, लेकिन उनका एक पत्र जरूर आ गया। इसमें बताया गया कि उन्होंने अस्पताल किराए पर ले रखा था। अस्पताल दो साल से आयुष्मान योजना में भी पंजीकृत है। पुलिस की सिफारिश पर स्वास्थ्य विभाग ने जांच कर अस्पताल को सील कर सभी दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए पांच दिन की मोहलत दी थी जिसका बुधवार को आखिरी दिन था। अस्पताल डॉ. अतुल के नाम पर पंजीकृत है। बुधवार को डॉ. अतुल का पत्र स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को मिला जिसमें बताया गया है कि वह किराए पर अस्पताल लेकर नियमों के मुताबिक चला रहे हैं। अस्पताल दो साल से आयुष्मान भारत योजना में भी सूचीबद्ध है। डिप्टी सीएमओ डॉ. लईक अहमद ने बताया कि डॉ. अतुल का पत्र मिला है। बृहस्पतिवार को उसका अवलोकन कर आगे कार्रवाई की जाएगी।

# किला के जेई और टीजी टू निलंबित, संविदाकर्मी की सेवा समाप्त

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- बिजली चोरों को पकड़कर छोड़ने पर मुख्यालय से हुई कार्रवाई

**अमृत विचार :** किला क्षेत्र में हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत के बाद बिजली चोरी पकड़ने के बाद मामले को रफादफा करने के मामले में किला के जेई और टीजी टू को निलंबित कर दिया गया और संविदा कर्मचारी की सेवा समाप्त कर दी गई है। अधिकारी पूरे दिन मामले को छुपाने का प्रयास करते रहे।

यूपी पॉवर कॉरपोरेशन के हेल्पलाइन नंबर 1912 पर किसी ने शिकायत की थी कि किला उपकेंद्र के मोहल्ला जखीरा, रेती, गढैय़ा और केला बाग मोहल्ले में बिजली चोरी हो रही है। इसके बाद किला उपकेंद्र के जेई सुधीर कुमार, टीजी टू सूरजपाल और संविदा कर्मचारी फुरकान उर्फ गुड्डे चेकिंग करने के लिए पहुंचे थे। वहां पर टीम ने चार घरों में कटिया डालकर हो रही बिजली चोरी की वीडियो बना ली, लेकिन आरोप है कि रिपोर्ट दर्ज कराने की जगह टीम ने चारों से पैसे लेकर मामले को रफादफा कर दिया। उसके बाद टीम ने वीडियो भी डिलीट कर दी। मामला संज्ञान में आने पर अधीक्षण अभियंता अंबा प्रसाद वशिष्ठ ने अधिशासी अभियंता प्रथम महावीर सिंह से मामले की जांच कराई, जिसमें आरोप सही पाए गए। अधीक्षण अभियंता अंबा प्रसाद वशिष्ठ ने जेई सुधीर कुमार को निलंबित कर चतुर्थ डिवीजन से अटैच कर दिया है। वहीं टीजी टू सूरजपाल के निलंबन के साथ संविदा कर्मचारी गुड्डे की सेवा समाप्त कर दी गई है।

### कार्रवाई को दिन भर छिपाते रहे अधिकारी

जेई और टीजी टू के निलंबित की बात विभाग में सुबह ही पता चल गई लेकिन अधिकारी मामले को छुपाते रहे। इस मामले में किला एसडीओ रामखिलावन से बात की गई तो उन्होंने बताया कि संविदा कर्मचारी की सेवा समाप्त करने जानकारी है, लेकिन जेई के निलंबन का लिखित में कोई आदेश नहीं मिला है। वहीं अधिशासी अभियंता सत्येन्द्र चौहान ने फोन ही रिसीव नहीं किया। अधीक्षण अभियंता अंबा प्रसाद वशिष्ठ ने बताया कि कार्रवाई की गई है, लेकिन उन्होंने आदेश की कापी देने से इन्कार कर दिया। वहीं मुख्य अभियंता रणविजय सिंह ने बताया कि कार्रवाई हुई है या नहीं इसकी जानकारी नहीं है। अगर कार्रवाई हुई है तो वह विभाग का मामला है। मीडिया को देना जरूरी नहीं है।

### 50 हजार में हो गई थी बात मुख्यालय पहुंचा मामला तो करनी पड़ी कार्रवाई

इस मामले में एक ठेकेदार ने जेई और दोनों कर्मचारियों से 50 हजार रुपये देने के बाद क्लीनचिट दिलाने की बात कही गई थी, लेकिन मामला मुख्यालय पहुंचा तो अधिकारियों को कार्रवाई करनी पड़ी।

### हाथी के दांत की तस्करी करने वाले भेजे जेल

**सीबीगंज, अमृत विचार :** हाथी के दो दांतों के साथ दरोगा के बेटे समेत गिरफ्तार तीनों तस्करों को बुधवार को सीबीगंज पुलिस ने कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। एसटीएफ और वन विभाग की संयुक्त टीम ने कार सवार तीनों तस्करों को सीबीगंज के गांव पुरनापुर के पास से गिरफ्तार किया था। तीनों के पास से हाथी के करीब सवा तीन फुट लंबे दो दांत और कार बरामद की थी। बरामद दांतों की कीमत करीब एक करोड़ रुपये बताई जा रही है। एसटीएफ सीओ अब्दुल कादिर के अनुसार गिरफ्तार तीनों तस्करों आदित्य विक्रम सिंह निवासी ग्रीन पार्क कालोनी, नत्था सिंह निवासी निघासन जिला लखीमपुर और करण सिंह को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है। मुख्य तस्कर की तलाश की जा रही है। पुलिस के मुताबिक नत्था सिंह नानकमता गुरुद्वारा में रहता है और वह वहां सेवादार है। वहीं आदित्य के पिता रामपुर में पुलिस में दरोगा हैं।

# श्रमिकों के मन से उतर गई मनरेगा

एक्सक्लूसिव

अनुपम सिंह, बरेली



- बाहर से आधी मजदूरी, वह भी समय पर नहीं, सवा लाख से ज्यादा श्रमिक हुए निष्क्रिय
- जॉब कार्ड बनवाने के बाद तीन साल में एक दिन भी काम मांगने नहीं पहुंचे
- मनरेगा में मिलते हैं 237 रुपये बाहर है करीब चार सौ रुपये की दिहाड़ी

**अमृत विचार :** साल में सौ दिन के रोजगार की गारंटी देने वाली मनरेगा योजना से श्रमिकों का मोह भंग हो गया है। मनरेगा में काम करने के बजाय ये श्रमिक बाहर मजदूरी तलाश कर रहे हैं। पिछले तीन साल का आंकड़ा बता रहा है कि सवा लाख से ज्यादा श्रमिकों ने मनरेगा में एक दिन भी काम नहीं किया। अफसरों की सफाई है कि मनरेगा में सिर्फ 237 रुपये की दिहाड़ी है जबकि बाहर तीन से चार सौ रुपये तक की मजदूरी मिल जाती है। इसलिए श्रमिक मनरेगा में काम करने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं।

मनरेगा यानी महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम योजना में साल में 100 दिन का रोजगार दिया जाता है। यह मांग आधारित योजना है जिसमें काम मांगने पर दिया जाता है। मनरेगा की वेबसाइट के अनुसार जिले में 3 लाख 60 हजार 156 मनरेगा श्रमिक हैं जिनका जॉब कार्ड बना है। इनमें सक्रिय श्रमिकों की संख्या 2 लाख 30 हजार 940 और निष्क्रिय श्रमिकों की संख्या एक लाख 29 हजार 216 है। सक्रिय श्रमिक उन्हें कहा जाता है जिन्होंने तीन साल में एक भी दिन भी काम किया हो। इससे साफ है कि जॉब कॉर्ड बनवाने के बाद भी 1,29,216 श्रमिकों में तीन साल में एक भी दिन काम नहीं किया।

यह संख्या बताती है कि श्रमिकों ने मनरेगा में काम करने के लिए पंजीकरण तो करा लिया लेकिन काम नहीं किया। इसके पीछे सबसे बड़ी वजह कम दैनिक मजदूरी बताई जा रही है। मनरेगा में 237 रुपये की मजदूरी मिलती है जबकि बाहर काम करने पर तीन सौ से चार सौ रुपये तक मिल जाते हैं। इसके अलावा बाहर काम करने पर मजदूर शाम को पैसा लेकर घर लौटते हैं जबकि मनरेगा में काम करने के महीनों बाद भी पैसे नहीं मिल पाने का इतिहास रहा है। अधिकारी दावा करते हैं कि पिछले कुछ समय से श्रमिकों के भुगतान की स्थिति सुधरी है। समय से भुगतान हो जा रहा है, मगर पिछले साल स्थिति बहुत बुरी थी। काम करने के छह-छह महीने बाद भी भुगतान नहीं हो पा रहे थे।

### साल दर साल घट रही काम करने वालों की संख्या

तीन साल में जॉब कॉर्ड धारक श्रमिकों ने ही काम करने से दूरी नहीं बनाई है बल्कि पिछले दस सालों का ऐसा आंकड़ा भी सामने आया है, जिसके मुताबिक साल-दर-साल काम करने वाले श्रमिकों की संख्या कम हो रही है। वित्तीय वर्ष 2015-16 में 108424, 2016-17 में 84856, 2017-18 में 81856, 2018-19 में 97242 श्रमिकों ने काम किया। मतलब इन चार सालों में सिर्फ 2018-19 में 15386 श्रमिकों की संख्या बढ़ी थी। वर्ष 2020-21 में अब तक सबसे ज्यादा 2023694 श्रमिकों को मनरेगा में काम मिला। 2021-22 में 168906, 2022-23 में 134510, 2023-24 में 124248 श्रमिकों ने काम किया। वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक 92304 लोगों ने काम किया है।

### सिर्फ कोरोना के दौर में बढ़ी थी संख्या

दस साल का मनरेगा में काम करने वालों का आंकड़ा यह भी कह रहा है कि 2020-21 में कोरोना काल शुरू होने से पहले 2015-16 से ही श्रमिकों की संख्या कम होनी शुरू हो गई थी। इन दस साल में कोरोना के दौर में सबसे ज्यादा मनरेगा में काम किया गया। कोरोना खत्म होते ही काम करने वाले श्रमिकों की संख्या लगातार कम हो रही है। आंकड़े प्रमाणित कर रहे हैं कि लोगों को मनरेगा का काम रास नहीं आ रहा है।

> मनरेगा मांग आधारित काम देने वाली योजना है। एक जॉब कॉर्ड पर परिवार का कोई भी सदस्य मनरेगा में काम कर सकता है लेकिन काम सौ दिन ही मिलेगा। काम मांगने पर 15 दिन के अंदर देना अनिवार्य है। – मो. हसीब अंसारी, डीसी मनरेगा



दूसरे समुदाय के युवकों को पकड़े जाने के बाद थाने में मौजूद लोग।

# लव जिहाद बताकर दो युवकों को पीटा

- कर्मचारी नगर में दो युवतियों से दूसरे समुदाय के युवक बात कर रहे थे
- पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लिया, देर रात तक जारी थी पूछताछ

**बरेली, अमृत विचार :** थाना इज्जतनगर क्षेत्र में दो युवतियों से बात कर रहे दूसरे समुदाय के दो लोगों पर लव जिहाद का आरोप लगाकर हिंदू संगठन के लोगों ने पिटाई कर दी और पुलिस बुलाकर चार युवक पुलिस के हवाले कर दिए। पुलिस चारों से पूछताछ कर रही है।

कर्मचारी नगर में बुधवार देर शाम दो युवतियों से दूसरे समुदाय के दो युवक बात कर रहे थे। वहां से गुजर रहे हिंदू संगठन के विशाल श्रीवास्तव समेत अन्य लोगों ने दोनों युवकों से नाम पूछा। जिस पर दोनों ने अपना नाम गलत बताया। दोनों के मोबाइल चेक करने पर दूसरे समुदाय का नाम होना पाया गया। इस दौरान लोगों ने दोनों की पिटाई कर दी। इंस्टाग्राम आईडी में उनका कई लड़कियों से जुड़ा होना पाया गया। इस बीच युवकों को दो अन्य लोग बचाने आए। पुलिस ने चारों को हिरासत में ले लिया। थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि दोनों युवती सीबीगंज की बताई जा रही हैं। मामले में अभी कोई तहरीर नहीं आई है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जुलूस में शामिल युवक को बेरहमी से पीटकर घायल किया

**बरेली, अमृत विचार :** जुलूस में शामिल युवक को दबंगों ने पीट-पीट कर अधमरा कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। थाना बिथरी चैनपुर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

गांव आलमपुर गजरौला निवासी तहसीम खान ने बताया कि वह मंगलवार रात 12:30 बजे गांव में ही बारहवीं शरीफ के जुलूस में शामिल होने जा रहे थे। उनके गांव के ही नन्हे शाह, सोना, रिजवान और फरीदपुर के नेवीनगरा निवासी रोहिद अली ने रास्ता रोककर गालीगलौज की और विरोध करने पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। वह बेहोश होकर वहीं गिर गए। उनकी मां रफ्फन बीच-बचाव करने पहुंचीं तो उन्हें भी पीटा। शोर-शराबा सुनकर भीड़ आते देख सभी मौके से भाग गए।

# बायकॉट अभियानः एजाजनगर मामले में 70 पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पुलिस ने हमले के शिकार हुए दोनों लोगों की ओर से दर्ज की अलग-अलग रिपोर्ट
- अधिकारियों ने संवेदनशील इलाके में बढ़ाई चौकसी, तनाव के माहौल में खुले बाजार

**अमृत विचार :** एजाजनगर गौंटिया में मंगलवार को बायकॉट अभियान के तहत ठेले पलटने और हाथ पर कलावा बंधा देख मारपीट करने के मामले में पुलिस ने दो रिपोर्ट दर्ज की है। एक केस मारपीट में घायल बाबूराम पक्ष की ओर से दो नामजद समेत 15-20 अज्ञात लोगों पर दर्ज हुआ है और दूसरा मारपीट के शिकार हुए मुकेश की ओर से करीब 50 लोगों के खिलाफ। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुराना शहर के संवेदनशील इलाकों में चौकसी भी बढ़ा दी गई है।

जगतपुर पनवड़िया निवासी बाबूराम पर मंगलवार की रात एजाजनगर गौटिया में हमला कर दिया था। इस मामले में बाबूराम के रिश्तेदार विशाल की ओर से थाना बारादरी में मुनीर, शाहनवाज समेत 15-20 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस तीन लोगों को हिरासत में भी लिया है।


जिला अस्पताल में घायल बाबूराम का हाल पूछते कैंट विधायक संजीव अग्रवाल।

दूसरी रिपोर्ट जगतपुर में काली माता मंदिर के पास रहने वाले मुकेश राठौर ने दर्ज कराई है। कहा है कि मंगलवार को उसने जगतपुर चौराहे पर ठेला लगाया था। देर शाम 40-50 लोगों ने नारेबाजी करते हुए अचानक हमला कर गालीगलौज और मारपीट शुरू कर दी। ठेले का सारा सामान फेंक दिया। हमला करने वाले कह रहे थे कि उनका बारावफात का जुलूस निकलने दिया होता तो यह सब नहीं होता। भीड़ इकट्ठी हुई तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पुलिस आरोपियों की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चेक कर रही है। पुराना शहर के कई इलाकों में तीन-चार दिन से हंगामा और बवाल की वजह से बुधवार को भारी पुलिस बल तैनात रहा। जगतपुर और एजाज नगर में बाजार खुले लेकिन माहौल में तल्खी दिखी।

### जिला अस्पताल में घायल से मिले कैंट विधायक

घायल बाबूराम का बुधवार को कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने जिला अस्पताल में हालचाल पूछा। उन्होंने सीएमओ को बुलाकर कहा कि एक्स-रे कराकर पीड़ित का सही से इलाज होना चाहिए और किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उनके साथ भाजपा के पूर्व महानगर अध्यक्ष पुष्पेंद्र शर्मा, डॉ. विमल भारद्वाज, पार्षद पति चंद्रपाल राठौर, राजेश पटेल, महानगर मंत्री अमरीश समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### कलावा देख बाबूराम पर किया था हमला

पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया है कि जोगीनवादा की मौर्य गली में जुलूस-ए-मोहम्मदी पर विवाद हुआ तो बरेली के तमाम सोशल मीडिया ग्रुपों पर बायकॉट अभियान चला और लोगों से कहा गया कि जिन लोगों ने जुलूस रोका है, उनसे खाने-पीने का सामान न खरीदा जाए। इसके बाद मंगलवार शाम कुछ ठेले वालों से मारपीट हुई और वहां से गुजर रहे बाबूराम के हाथ में कलावा बंधा देखकर उन्हें भी पीटा गया।

# पीलीभीत में घोटाला करने वाले अफसरों के नाम पर मंथन जारी

- भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया में शामिल रहे अधिकारियों और कर्मचारियों के नाम खोलने में जुटे रहे अफसर

**बरेली, अमृत विचार :** सितारगंज हाईवे को फोरलेन बनाने के लिए पीलीभीत में हुए घोटाले में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया में शामिल रहे अधिकारियों और कर्मचारियों के नाम खोलने के लिए बुधवार को मंडलीय कमेटी ने मंथन किया लेकिन सभी नामों के बारे में जानकारियां जुटाई नहीं जा सकी हैं। अब तक अधिकारी उलझन में हैं, जबकि नाम की सूची तैयार होते ही शासन को भेजी जाएगी।

पीलीभीत में सदर तहसील और अमरिया में भूमि अधिग्रहण में 58.91 करोड़ का घोटाला पकड़ा गया है। बाहरी व्यक्तियों ने किसानों की जमीनों को कौड़ियों के भाव खरीदा और भूमि अधिग्रहण में करोड़ों का मुआवजा ले लिया। इसी तरह से परिसंपत्ति के मूल्यांकन में गड़बड़ी कराकर कई गुना मुआवजा लिया। कमिश्नर की ओर से अपर आयुक्त प्रशासन प्रीति जायसवाल की अध्यक्षता में गठित पांच सदस्यीय टीम ने 10 दिन में जांच पूरी की। इसमें 19 बाहरी लोगों के नाम सामने आए हैं, जिन्होंने एनएचएआई, राजस्व विभाग, पीडब्ल्यूडी अधिकारियों की साठगांठ से गड़बड़ी की।

अधिकारियों के नाम खोलने के लिए कमेटी प्रयास में लगी हुई है। इसके लिए विभागों को पत्र भेजकर अधिग्रहण के दौरान प्रक्रिया में शामिल रहने वाले लोगों के नाम मांगे हैं, मगर अभी तक नाम नहीं मिल पाए हैं। वहीं शासन से नाम मांगे जा रहे हैं। बुधवार को भी अधिकारी इसी काम में लगे रहे। एक अधिकारी के अनुसार कुछ अधिकारी-कर्मचारी के नाम के बारे में पता चला है, लेकिन सभी की जानकारी नहीं मिल सकी है।

# साल भर बाद भी गन्ने का बकाया भुगतान न करने पर भड़के किसान

## डीसीओ को बताया जिम्मेदार, डीएम ने बैठक में ही बहेड़ी चीनी मिल के जीएम से लिया भुगतान का शेड्यूल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- विकास भवन में आयोजित किसान दिवस में किसानों ने कई समस्याएं उठाईं

**अमृत विचार :** किसान दिवस में इस बार भी गन्ने का बकाया भुगतान के साथ ज्यादातर पुराने मुद्दे छाए रहे। गन्ने का बकाया भुगतान न होने पर किसान जिला गन्ना अधिकारी पर हमलावर हुए तो जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने उन्हें शांत कराकर बहेड़ी चीनी मिल के जीएम से बैठक में ही भुगतान करने का शेड्यूल लिया। करीब एक घंटे तक चली बैठक में जिलाधिकारी ने सभी किसानों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में दोपहर 12 बजे शुरू हुए किसान दिवस में उप कृषि निदेशक अभिनंदन सिंह ने पिछले किसान दिवस में आई शिकायतों के निस्तारण के बारे में बिंदुवार जानकारी दी। फिर बहेड़ी से आए किसान राकेश गंगवार समेत कई किसानों ने कहा कि गन्ने के भुगतान का नियम 14 दिन का है, लेकिन बहेड़ी चीनी मिल ने 14 महीने बाद भी भुगतान नहीं किया है। कहा, किसान खून-पसीना लगाकर फसल तैयार करता है और भाड़ा खर्च कर चीनी मिल पहुंचाता है, फिर भी चीनी मिल समय पर भुगतान नहीं करतीं।

किसानों ने कहा कि नया पेराई सत्र शुरू होने वाला है लेकिन पिछले बकाया का भुगतान अब तक नहीं हुआ है। किसान इसके लिए जिला गन्ना अधिकारी को जिम्मेदार बताकर उन पर हमलावर हुए तो जिलाधिकारी ने बैठक में मौजूद चीनी मिल के जीएम से बैठक में ही बकाया के भुगतान का शेड्यूल देने को कहा। जीएम ने शेड्यूल देने के साथ बताया कि किसानों को सितंबर में 12 करोड़, अक्टूबर में 40 करोड़, नवंबर में 40 करोड़ और शेष भुगतान 15 दिसंबर तक कर दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने चेतावनी दी कि अगर शेड्यूल का पालन न किया तो कार्रवाई की जाएगी। किसानों ने मुड़िया नबीबख्श से बहेड़ी तक मार्ग पर डेढ़ किमी के हिस्से पर दलदल बन जाने की समस्या का जिक्र करते हुए बताया कि यह दिक्कत न पीडब्ल्यूडी दूर करा रहा है, न ही चीनी मिल सड़क ठीक करा रही है जबकि सड़क चीनी मिल से ही होकर गुजरती है। रास्ते में मिल वालों ने बैरियर लगा दिया है, जिससे बसों का आना-जाना नहीं हो पा रहा है। किसानों को भारी दिक्कतें हो रही हैं मगर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। जिलाधिकारी ने इस पर पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन को अगले किसान दिवस से पहले रिपोर्ट भेजने का निर्देश दिया। किसान दिवस में सीडीओ जगप्रवेश, उप निदेशक कृषि प्रसार अभिनंदन सिंह, जिला गन्ना अधिकारी यशपाल सिंह, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. मेघश्याम समेत कई अधिकारी मौजूद थे।


विकास भवन में किसान दिवस में अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी रविंद्र कुमार। ● अमृत विचार

**चीनी मिल की आय पर मांगी रिपोर्टः** बहेड़ी चीनी मिल की ओर से बनाए जा रहे उत्पादों से कितनी आय हो रही है और उस पैसे का उपयोग किस काम में हो रहा है, जिलाधिकारी ने जिला गन्ना अधिकारी को इसकी एक सप्ताह के अंदर रिपोर्ट देने को कहा। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. रंजीत कुमार ने नई तकनीक से खेती करने के बारे में विस्तृत चर्चा की।

### रेग्युलेटर न लगाने पर वेतन रोका

बहगुल नदी पर खमरिया गांव में सिंचाईं के लिए रेग्युलेटर न लगाए जाने का मुद्दा भी किसानों ने उठाया। कहा, जिलाधिकारी ने निरीक्षण भी किया था, फिर भी रेग्युलेटर अब तक नहीं लगा है। जिलाधिकारी सिंचाईं विभाग के एक्सईएन से स्पष्टीकरण मांगते हुए उनका वेतन रोकने के आदेश दिए हैं।

### एलएच ग्रुप खरीदेगा नवाबगंज की चीनी मिल

किसानों ने नवाबगंज चीनी मिल से भी गन्ने के बकाया का भुगतान न होने का मामला उठाया तो उसके प्रबंधक ने बताया कि नवाबगंज चीनी मिल को पीलीभीत की एलएच शुगर मिल खरीदने जा रही है। खरीद की प्रक्रिया एक महीने में पूरी होने की संभावना है। यह जानकारी गन्ना आयुक्त को भी दी जा चुकी है। जल्द ही किसानों का भुगतान हो जाएगा।

## सार-संक्षेप

### कलियुग में संकीर्तन से होती है भगवत की प्राप्ति



**बरेली, अमृत विचार** : श्री राधाकृष्ण मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन बुधवार को कथा व्यास पं. कैलाश नारायण दीक्षित ने कहा कि संतों की सेवा से नारद ने राम नाम का संकीर्तन किया। नारद संकीर्तन के प्रभाव से तीनों लोक में कहीं भी भ्रमण कर सकते हैं। कलियुग में संकीर्तन से भगवत की प्राप्ति होती है। उन्होंने बताया कि श्रीकृष्ण महाभारत का युद्ध समाप्त होने पर द्वारिका जाते हैं। यहां पहुंचने पर माता कुंती प्रभु की स्तुति करती हैं। कथाव्यास ने भजनों की मधुर प्रस्तुति देकर वातावरण भक्तिमय बना दिया। राजेंद्र माहेश्वरी, युगल किशोर, आनंद स्वरूप अग्रवाल, रामअवतार आदि उपस्थित रहे।

### शिव-पार्वती के मंगल चरित्र का वर्णन किया



**बरेली, अमृत विचार** : राजेंद्र नगर स्थित श्री बांके बिहारी मंदिर में श्रीराम कथा के दूसरे दिन कथा व्यास हृदेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. गोपाल कृष्ण मिश्रा ने शिव पार्वती के मंगल चरित्र का संगीतमय वर्णन किया। उन्होंने बताया कि जहां माता पार्वती श्रद्धा स्वरूप हैं तो वहीं शिव विश्वास स्वरूप हैं। भक्त को जब तक श्रद्धा और प्रभु पर विश्वास नहीं होगा तब तक राम का दर्शन संभव नहीं है। पार्वती के पूर्व जन्म का वृतांत सुनाते हुए बताया कि एक भूल से शंकर ने माता सती का त्याग कर दिया।

### उपमुख्यमंत्री को भेंट की बाल रामायण



**बरेली,अमृत विचार** : शहर के दीपंकर गुप्त ने बुधवार को उप मुख्य मंत्री ब्रजेश पाठक को लखनऊ में उनके आवास पर स्वरचित बाल रामायण भेंट की। इस दौरान उप मुख्यमंत्री के साथ वर्तमान की पीढ़ी पर रामायण की महत्ता पर भी चर्चा की।

### मंडलीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में तनिष्क पुरस्कृत



**बरेली, अमृत विचार** : बदायूं में मंडलीय विद्यालय हैंडबॉल प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर मनोहर भूषण इंटर कॉलेज के छात्र तनिष्क को प्रमाण पत्र और रजत पदक प्रदान किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. मनोज कुमार, क्रीड़ा अध्यक्ष डॉ. आरबी तिवारी ने छात्र को बधाई दी।

### सीएआरआई में स्वच्छता की शपथ दिलाई




**बरेली, अमृत विचार** : केंद्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान (सीएआरआई) में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में निदेशक डॉ. अशोक कुमार तिवारी ने वैज्ञानिकों, अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई और 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण किया। डॉ. एमपी सागर ने प्राथमिक और जूनियर विद्यालय आईवीआरआई में प्रश्नोत्तरी और कला प्रतियोगिता कराकर बच्चों को स्वच्छता का पाठ पढ़ाया। प्रधानाध्यापिका नीति छाबड़ा, उमेश त्रिपाठी, प्रदीप कुमार, नारायण सिंह मौजूद रहे।

### टीएलएम प्रदर्शनी में विषयवार चयनित हुए शिक्षक




**बरेली, अमृत विचार** : पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज में बुधवार को समग्र शिक्षा माध्यमिक के अंतर्गत कक्षा 9 से 12 वीं तक विषयवार जिला स्तरीय शिक्षण अधिगमन सामग्री (टीएलएम) प्रदर्शनी आयोजित की गई। इसमें शिक्षकों ने मॉडल प्रस्तुत किए। इसके आधार पर शिक्षकों का चयन किया गया। हाईस्कूल स्तर पर डॉ. भारद्वाज, ब्रिजेश कुमार शर्मा, किरण रानी, श्याम वीर, चेतना सिंह, सरिता और इंटर स्तर पर प्रतिभा कुमारी, ममता कुलपद, संतोष कुमार, डॉ. शशि पूनम राव, डॉ. सबा बी, डॉ. नमिता त्रिपाठी, डॉ. चंद्र मोहन, दिव्यांशु श्रीवास्तव और नीरजा अग्रवाल का चयन किया। प्रदर्शनी में निर्णायक मंडल में प्रो. डॉ. संध्या सक्सेना, डॉ. हेमलता, डॉ. रविन्द्र कुमार, डॉ. फौजिया खान, डॉ. रंजू राठौर शामिल रहे। डीआईओएस देवकी सिंह, प्रधानाचार्य ओम प्रकाश राय मौजूद रहे।

### आईवीआरआई में हुआ कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव



**बरेली, अमृत विचार** : वेटिक नोएडा की ओर से बुधवार को भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन हुआ, जिसमें 18 छात्रों और तीन छात्राओं ने भाग लिया। संस्थान के प्लेसमेंट एवं काउंसलिंग सेल प्रभारी वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ अभिषेक ने बताया कि वेटिक मैनेजमेंट के डॉ. वैभव विश्नोई, डॉ. अमनदीप गुलिया और डॉ. सत्येंद्र गंगवार ने छात्रों के ज्ञान को परखा। डॉ. एस के मेंदीरत्ता, संयुक्त निदेशक (शैक्षणिक), डॉ. ज्ञानेंद्र सिंह, डॉ. रजत गर्ग, अरविंद खरे आदि मौजूद रहे।

### इन्वर्टिस विश्वविद्यालय में हुई फ्रेशर पार्टी



**बरेली, अमृत विचार** : इन्वर्टिस विश्वविद्यालय के बीसीए विभाग की ओर से ऑडिटोरियम में नवागंतुक छात्रों के लिए इस बार ''यूफोरिया प्रोम'' थीम को ध्यान में रखते हुए फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। कुलाधिपति एवं मेयर डॉ. उमेश गौतम और कार्यकारी निदेशक पार्थ गौतम के निर्देशन में आयोजित फ्रेशर पार्टी में मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. वाईडीएस आर्य ने छात्रों से कहा कि फ्रेशर पार्टी का मतलब मनोरंजन करना ही नहीं, बल्कि नए तरीके से एक नए माहौल में अपने को ढालना और नई-नई चीजों के बारे में जानना और समझना है। कंप्यूटर अप्लीकेशन विभागाध्यक्ष डॉ. आकाश सिंह सांगी ने नवागंतुक छात्रों को कड़ी मेहनत और लगन से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके डीन इंजीनियरिंग प्रो. आरके शुक्ला, पत्रकारिता एवं जनसंचार डीन डॉ. राजेश कुमार शर्मा, सीएससीडी निदेशक प्रो. जितेंद्रनाथ श्रीवास्तव, चीफ प्रॉक्टर प्रो. केके दुबे, कार्यक्रम संयोजक दीपक पाठक, सह संयोजक गीतांजलि रौतला, अम्रितांश मिश्रा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# अगर स्वस्थ जान है तो फिर जहान है : डॉ. केशव

- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में वार्षिक खेल उत्सव

**आक्रेडिया का आगाज, मेडिकल छात्रों ने निकाला मशाल जुलूस**

कार्यालय संवाददाता, बरेली



कार्यक्रम की शुरुआत करते बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव कुमार अग्रवाल, प्रति कुलाधिपति डॉ. अशोक कुमार अग्रवाल, रोहिलखंड मेडिकल कालेज के प्रधानाचार्य डॉ. दिग्विजय सिंह।

**अमृत विचार:** इंसान के लिए शिक्षा का जितना महत्व है, उतना ही खेल भी जरूरी है, अगर स्वस्थ जान है तो फिर जहान है। ये बातें बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव अग्रवाल ने बुधवार को रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में आयोजित वार्षिक खेल उत्सव आक्रेडिया में कहीं।

शाम 5 बजे कॉलेज स्थित झंडा मैदान में उत्सव शुरू हुआ। मुख्य अतिथि कुलाधिपति डॉ. केशव अग्रवाल, प्रति कुलाधिपति डॉ. अशोक अग्रवाल, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के प्रधानाचार्य डॉ. दिग्विजय सिंह और वरिष्ठ कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. अर्जुन अग्रवाल ने कार्यक्रम की शुरुआत की।

मुख्य अतिथि ने आयोजन समिति की सराहना करते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन करने के लिए प्रेरित किया। डॉ. अशोक अग्रवाल ने कहा कि खेल से मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य ठीक रहता है। साथ ही आपसी समन्वय की भावना का भी विकास होता है। इसलिए हर माह कॉलेज में खेल प्रतियोगिताएं आरंभ होती रहनी चाहिए।

चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रजनीश पठानिया, डॉ शालिनी चंद्रा, डॉ. शशिकांत वर्मा, डॉ. आशुतोष कुमार, डॉ. मदन मोहन नागर, डॉ. कर्नल सिद्धार्थ दीक्षित, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तसलीम खान आदि मौजूद रहे।

**आयोजन समिति को सराहा :** खेल उत्सव के शानदार आयोजन के लिए अतिथियों ने आयोजन समिति के प्रेसिडेंट डॉ. सुपर्व गंगवार, वाइस प्रेसिडेंट आयुष आजाद ओझा, सूर्या सिंह, स्पोर्ट्स सेक्रेटरी शुभम फौजदार, राहुल चौहान, जहान्वी राय और अनुप्रिया की सराहना की।

### मां तुझे सलाम...

कार्यक्रम के आरंभ के बाद गौरव की भावना का संदेश देते हुए मशाल दौड़ हुई, जिसमें मैदान का चक्कर लगाकर छात्र-छात्रों ने एकता का संदेश दिया। वहीं, मार्च पास्ट भी किया गया। अतिथियों ने सलामी ली। इसके बाद देश भक्ति गीत मां तुझे सलाम पर छात्रों ने कत्थक नृत्य की प्रस्तुति दी तो मैदान तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।



## महाराजा अग्रसेन कॉलेज को वालीबॉल की मेजबानी मिली

**बरेली, अमृत विचार:** महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय को रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने अन्तर महाविद्यालयी महिला वालीबॉल प्रतियोगिता की मेजबानी दी है।

प्राचार्य डॉ. सौरभ अग्रवाल और क्रीड़ाधिकारी धीरज अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष भी महिला वालीबॉल प्रतियोगिता की जिम्मेदारी महाविद्यालय को मिली है। प्रतियोगिता 8 अक्टूबर को होगी। महाराजा अग्रसेन शिक्षा समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रेम शंकर अग्रवाल, महामंत्री शशि भूषण अग्रवाल, कोषाध्यक्ष प्रकाश चंद्र अग्रवाल, क्रीड़ा संयोजक गिरीश चंद्र अग्रवाल आदि ने महाविद्यालय को यह दायित्व मिलने पर हर्ष जताया है।

# सेल्फ फाइनेंस: बीए गृह विज्ञान और मनोविज्ञान में सीटें खाली

## बरेली कॉलेज में गृह विज्ञान की 80 में से 68 सीटों पर हुए प्रवेश

कार्यालय संवाददाता, बरेली



बरेली कॉलेज में बीए के प्रवेश फार्म जमा करने के लिए लाइन में लगीं छात्राएं।

**अमृत विचार:** बरेली कॉलेज में सेल्फ फाइनेंस के तहत संचालित नौ पाठ्यक्रमों में से बीए होम साइंस और मनोविज्ञान की सीटें अभी खाली हैं। बीए गृह विज्ञान की 80 सीटों में से 68 और मनोविज्ञान की 80 में से सिर्फ 52 सीटों पर प्रवेश हुए हैं।

वर्तमान शैक्षिक सत्र में सेल्फ फाइनेंस कोर्स में प्रवेश की संख्या में वृद्धि देखी गई है। इसका कारण यह है कि मुख्य पाठ्यक्रमों जैसे बीए, बीकॉम और अन्य तकनीकी पाठ्यक्रमों में सीटें फुल होना है, जबकि बीए गृह विज्ञान और मनोविज्ञान जैसे विशेष कोर्सों में छात्राओं की रुचि अपेक्षाकृत कम रही है, जिससे ये सीटें अभी खाली हैं।

आंकड़ों के अनुसार बीबीए में 264, बीसीए में 176, बीकॉम ऑनर्स में 176, पीजीडीसीए में 42, भूगोल में 204, बायोटेक में 176, पर्यावरण विज्ञान में 88 सीटों पर प्रवेश हुए हैं। सेल्फ फाइनेंस कोर्स के निदेशक प्रो. एपी सिंह ने बताया कि गृह विज्ञान और मनोविज्ञान के कोर्स न केवल अकादमिक ज्ञान प्रदान करते हैं, बल्कि ये करियर के विभिन्न अवसरों के लिए भी फायदेमंद हैं। गृह विज्ञान में छात्राएं खाद्य प्रबंधन, फैशन डिजाइनिंग और घरेलू विज्ञान के क्षेत्रों में विशेषज्ञता प्राप्त कर सकती हैं।

### बीए तीसरे और पांचवें सेमेस्टर में प्रवेश शुरू

**बरेली, अमृत विचार** : बरेली कॉलेज में बुधवार को बीए दूसरे और तीसरे सेमेस्टर की प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई। क्रीड़ा विभाग में प्रवेश फार्म जमा करने के लिए विद्यार्थियों की भीड़ जुटी। कॉलेज प्रशासन ने छात्रों को सभी आवश्यक दस्तावेज और शुल्क समय पर जमा करने के निर्देश दिए हैं। इस साल कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया को सरल और सुविधाजनक बनाने के लिए क्रीड़ा विभाग में पैनल के पास विद्यार्थियों के फार्म जमा किए गए। इसके अलावा पहले सेमेस्टर के विद्यार्थियों के टीसी-सीसी समेत अन्य दस्तावेज भी जमा किए गए। मुख्य प्रवेश नियंत्रक प्रो. वंदना शर्मा ने बताया कि बीए के बाद बीएससी और बीकॉम के दूसरे और तीसरे सेमेस्टर के प्रवेश भी जल्द ही शुरू होंगे। छात्रों को सलाह दी जाती है कि वे समय पर अपनी तैयारी कर लें।

### उपभोक्ता आयोग जाने के लिए टैक्स इन वायस ही मुख्य आधार

**बरेली, अमृत विचार** : स्कूल-कॉलेजों में जीएसटी कर की व्यवस्था की सामान्य जानकारी छात्र-छात्राओं तक पहुंचाने के लिए अभियान शुरू हो गया है। बुधवार को अफसरों ने राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, एसवी इंटर कॉलेज और इस्लामिया गर्ल्स इंटर कॉलेज में जीएसटी कर संबंधी जानकारी दी। उपायुक्त प्रशासन राज्य कर बृजेश ने बताया कि चयनित कॉलेजों में जीएसटी अधिकारियों ने कर संबंधी तमाम जानकारी के साथ ग्राहकों को दुकानदार की ओर से जारी किए जाने टैक्स इन वायस के विधिक फायदे भी बताए।

छात्र-छात्राओं को बताया कि ग्राहकों से लिया जाने वाला कर सरकार के खाते में पहुंचता है। टैक्स इनवायस, बिल ग्राहक की ओर से लिए जाने से सामान की वापसी की भी सुविधा होती है। उपभोक्ता आयोग में जाने के लिए यही टैक्स इन वायस मुख्य आधार है। अपर आयुक्त राज्य कर ग्रेड 1 बरेली जोन ओबी चौबे ने कहा कि छात्र ही देश के निर्माता हैं। इसीलिए छात्रों के माध्यम से आम आदमी को जागरूक करने के लिए नई पहल की गई है। डीआईओएस देवकी सिंह और बीएसए संजय सिंह के सहयोग से विद्यालयों में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वेगराज सिंह, डीके सिंह, अनीता सिंह, योगेश कुमार मौर्य, गौरव सिंह, दिनेश चंद्र शुक्ला, संतोष मणि, योगेश कुमार सिंह, नित्यानंद मणि तिवारी, श्रुति पांडेय, स्वास्तिक सिंह, अविनाश दीक्षित आदि मौजूद रहे।

# बरेली कॉलेज : आधुनिक रूप में विकसित होगा सभागार

- वर्ष 2022 में सीलिंग टूटने पर कर दिया गया था बंद
- कॉलेज बिल्डिंग कमेटी ने तैयार किया प्रस्ताव

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : बरेली कॉलेज का सभागार जल्द आधुनिक रूप में विकसित किया जाएगा। इस संबंध में कॉलेज की बिल्डिंग कमेटी ने प्रस्ताव तैयार किया है। 10 से 15 लाख रुपये अनुमानित खर्च आंका गया है। इसमें फॉल सीलिंग, प्लाई, चेयर, वाल, साउंड सिस्टम आदि में बदलाव नजर आएगा।

कॉलेज सभागार वर्ष 1990 में स्थापित किया गया था। 2022 में सीलिंग टूटने के कारण इसे बंद कर दिया गया था। कई साल से सभागार जर्जर हाल में है। बिल्डिंग कमेटी के सदस्यों के अनुसार सभागार को इस तरह से विकसित किया जाएगा कि न केवल कक्षाएं और कार्यशालाएं बल्कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हो सके। इसके निर्माण के लिए जल्द टेंडर जारी किया जाएगा। प्राचार्य प्रो. ओपी राय के अनुसार नया सभागार कॉलेज के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। इससे छात्रों को एक बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा। प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद कार्यों की शुरुआत की जाएगी।

### तीन दिन बाद खुला कॉलेज, प्रॉक्टोरियल बोर्ड ने किया निरीक्षण



**बरेली, अमृत विचार** : तीन दिन के अवकाश के बाद बुधवार को बरेली कॉलेज खुला तो प्रॉक्टोरियल बोर्ड ने तमाम विभागों का निरीक्षण किया। इसके अलावा प्रवेश द्वार पर विद्यार्थियों के आईडी कार्ड भी चेक किए। बाहरी छात्रों को परिसर से बाहर किया गया। चीफ प्रॉक्टर प्रो. आलोक खरे ने बताया कि बाहरी छात्रों का कॉलेज परिसर में प्रवेश प्रतिबंधित है। दोनों मुख्य द्वार पर तैनात कर्मियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि परिसर में बाहरी वाहन और लोगों का प्रवेश प्रतिबंधित करें।

# रामगंगा घाट पर किया पितरों का तर्पण



श्राद्ध पितृपक्ष की पूर्णिमा पर रामगंगा घाट पर श्रद्धालुओं की भीड़।

- 15 दिन तक चलने वाला पितृपक्ष शुरू, श्रद्धालु दिनभर घाट पर पहुंचते रहे

**बरेली, अमृत विचर** : पूर्वजों की आत्मा की शांति और मुक्ति के लिए 15 दिन तक चलने वाला पितृपक्ष बुधवार से शुरू हो गया है। पहले दिन चौबारी स्थित रामगंगा घाट पर श्रद्धालुओं ने स्नान कर पितरों का तर्पण किया।

रामगंगा घाट पर दोपहर तक तर्पण के लिए लोगों के पहुंचने का क्रम चलता रहा। लोगों ने स्नान कर पितरों का ध्यान किया। पशुपति नाथ मंदिर के पुजारी पं. मुकेश मिश्रा ने बताया कि पितृपक्ष 15 दिनों तक रहता है। वहीं, पितृ पक्ष में तर्पण करने के लिए महिलाएं भी पहुंचीं। पुरोहित सोमदेव के मुताबिक जिन लोगों के पुत्र नहीं होते हैं। उनकी बेटियां तर्पण करने के लिए घाट पर हर साल पहुंचती हैं।

## वालीबॉल में जवाहर लाल नेहरू, इस्लामिया बालिका कॉलेज विजयी

**बरेली, अमृत विचार** : इस्लामिया बालिका इंटर कॉलेज में बुधवार को अंडर 14, 17, और अंडर 19 आयु वर्ग की जनपदीय बालक-बालिका वालीबॉल प्रतियोगिता हुई। बालिका वर्ग के अंडर-19 में नवाबगंज के चमरौआ जवाहर लाल नेहरू इंटर कॉलेज और अंडर-17 में इस्लामिया बालिका इंटर कॉलेज की टीम ने पहला स्थान प्राप्त किया।

इसके अलावा बालक वर्ग में अंडर-14 में जवाहरलाल नेहरू इंटर कॉलेज की टीम विजेता रही। इस मौके पर प्रधानाचार्य चमन जहां ने विजेता टीमों को मेडल पहना कर उनका उत्साहवर्धन किया। क्रीड़ा प्रभारी रश्के महर, रेफरी मारफत हुसैन, डॉ. अजीत सक्सेना, खेल शिक्षक, सुरेंद्र प्रताप आदि शिक्षक और खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# संत का जन्मोत्सव मनाने से कट जाते हैं अनगिनत पाप कर्म : देवेंद्र मोहन

कार्यालय संवाददाता, बरेली



भोजीपुरा स्थित स्वामी दिव्यानंद नगर आश्रम में आयोजित सत्संग में मौजूद श्रद्धालु।

- ब्रह्मलीन स्वामी दिव्यानंद के जन्मोत्सव पर सत्संग आयोजित
- कई प्रांतों के अनुयायियों ने भाग लिया, जनप्रतिनिधि भी पहुंचे

**अमृत विचार** : ब्रह्मलीन संत स्वामी दिव्यानंद महाराज का 92 वां जन्मोत्सव बुधवार को भोजीपुरा स्थित स्वामी दिव्यानंद नगर आश्रम में मनाया गया। इस मौके पर सत्संग सभा का आयोजन हुआ, जिसमें प्रदेश के अलावा उत्तराखंड, राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, बिहार समेत कई प्रांतों के अनुयायियों ने भाग लिया।

सत्संग में आध्यात्मिक गुरु देवेंद्र मोहन ने कहा कि जब हम किसी संत का जन्मदिवस मनाते हैं, वह क्षण हमारे अनगिनत पाप कर्मों से मुक्ति का साधन बनता है। गुरु महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि धरती पर जितने भी संत हुए हैं, उनके जन्मदिन का महत्व समझना जरूरी है।

जब एक संत धरती पर आता है तो उसका लक्ष्य मानव कल्याण होता है। संत ही हमें इस संसार की सच्चाई को समझने का मार्ग बताते हैं। पूर्व सांसद धर्मेंद्र कश्यप, एमएलसी बहोरन लाल मौर्य, ब्लॉक प्रमुख योगेश कुमार पटेल, सेवादार मोहन स्वरूप, शंकर लाल, रोशन लाल, वेद प्रकाश गुप्ता, महेश आदि मौजूद रहे।



आध्यात्मिक गुरु स्वामी देवेंद्र मोहन

# गुजरात के पूर्व सीएम ने घर-घर किया संपर्क

बरेली/नवाबगंज, संवाददाता




कार्यक्रम में मौजूद गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी।

- सर्किट हाउस में पदाधिकारियों के साथ की बैठक, नवाबगंज में लोगों को पार्टी से जोड़ा

**अमृत विचार** : भारतीय जनता पार्टी महानगर के सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी बुधवार को सर्किट हाउस पहुंचे। उन्होंने पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ सदस्यता अभियान को रफ्तार देने के लिए बैठक की। इसके बाद वह नवाबगंज पहुंचे। जहां उन्होंने घर-घर जाकर लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाई।

पूर्व मुख्यमंत्री ने सबसे पहले सर्किट हाउस परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया। उन्होंने कहा कि इस अभियान से जुड़कर एक-एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। यहां से वह नवाबगंज विधान सभा क्षेत्र के बूथ 178 पर पहुंचे। यहां उन्होंने क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य, जिला अध्यक्ष पवन शर्मा, विधायक डॉ. एमपी आर्य, रविन्द्र सिंह राठौर, नीरेंद्र सिंह राठौर के साथ घर- घर जाकर 8800002024 पर मिस्ड कॉल कराके लोगों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। इस दौरान उन्होंने भाजपा को विश्व की सबसे बड़ी और किसान-मजदूर हितैषी पार्टी बताया। कहा कि कांग्रेस पूरी तरह से परिवार वादी पार्टी है। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा कि पार्टी से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का काम किया जा रहा है। सर्किट हाउस में विधायक संजीव अग्रवाल, उमेश कठेरिया, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, रजनीश पांडे, पुष्पेंद्र शर्मा, डॉ. सीपीएस चौहान, देवेंद्र जोशी, प्रभु दयाल लोधी, विष्णु शर्मा, डॉ. तृप्ति गुप्ता, रेखा श्रीवास्तव, बंटी ठाकुर, अरुण कश्यप, सूर्यकांत मौर्य, अमरीश कठेरिया, शीतल गुलाटी, नरेंद्र सिंह, सोनू कालरा, सत्येंद्र पांडे, जिला प्रभारी देवेन्द्र चौधरी, डॉ. एके गंगवार, डॉ मीनाक्षी गंगवार, विनोद गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## पांचवीं बार सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिकों की सूची में डॉ. पंकज

**बरेली, अमृत विचार:** स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी की दो प्रतिशत सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिकों की सूची में रुहेलखंड विश्वविद्यालय के पादप विभाग के एसोसिएट प्रो. डॉ. पंकज कुमार अरोड़ा ने इस वर्ष भी स्थान प्राप्त किया। उन्होंने लगातार पांचवी साल इस सूची में स्थान प्राप्त किया। इससे पहले वह कई प्रतिष्ठित अवार्ड हासिल कर चुके हैं। वह कई अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में एडिटोरियल बोर्ड मेंबर में भी शामिल हैं और 50 से अधिक शोधपत्र और चार अंतर्राष्ट्रीय पुस्तकों का प्रकाशन भी कर चुके हैं। कुलपति प्रो. केपी सिंह, विभागाध्यक्ष प्रो. आलोक श्रीवास्तव, प्रो. संजय कुमार गर्ग, लोकपाल प्रो. वीपी सिंह ने उन्हें बधाई दी।



# सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग लगाने पर मिलेगी सब्सिडी

कार्यालय संवाददाता, बरेली




बैठक में उद्यमियों को सम्मानित करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- आईआईए की मंथन बैठक में बोले संयुक्त आयुक्त उद्योग सर्वेश्वर शुक्ला

**अमृत विचार** : संयुक्त आयुक्त उद्योग सर्वेश्वर शुक्ला ने कहा कि एमएसएमई पॉलिसी के तहत कोई भी व्यक्ति सूक्ष्म लघु या मध्यम उद्योग लगाता है तो उसे 10 से 25 फीसदी की सब्सिडी मिलेगी। वह बुधवार को इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) चैप्टर की स्टेशन रोड पर एक होटल में आयोजित मंथन बैठक में बोल रहे थे।

उन्होंने बताया कि प्रमुख कर लघु उद्योग एवं सूक्ष्म उद्योग पर 25, लघु उद्योग पर 15 और मध्यम पर 10 प्रतिशत का लाभ लिया जा सकता है। सितंबर 2022 के बाद अगर किसी उद्यमी ने अपने फैक्ट्री में नया इन्वेस्टमेंट किया है या पॉलिसी में आवेदन नहीं किया है तो वह भी कर सकता है। इसके बदले में मिलने वाली सब्सिडी का लाभ ले सकता है।

उन्होंने कहा कि प्लेज पार्क नीति में अगर कोई उद्यमी इंडस्ट्रियल पार्क लगाता है। 10 एकड़ से लेकर 50 एकड़ प्लेज पार्क बना सकता है तो उसे प्रति एकड़ सरकार की तरफ से 50 लाख का ब्याज ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। किसी भी इंडस्ट्रीज के लिए उसके उद्योग से जुड़ी पॉलिसी नहीं है तो वह भी एमएसएमई पॉलिसी के तहत लाभ ले सकता है। एमएसएमई नीति का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। बैठक में सरकार की खाद्य प्रसंस्करण उद्योग, इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण, दवा निर्माता, हथकरघा एवं वस्त्र के बारे में भी बताया गया। अध्यक्षता चैप्टर चेयरमैन मयूर धीरवानी ने की। संचालन चैप्टर कोषाध्यक्ष सलिल बंसल ने किया।

प्रबंधक जिला उद्योग केंद्र विकास यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश गोयल, डिवीजनल चेयरमैन विमल रिवाड़ी, सचिव मनोज पंजाबी, एसके सिंह, तनुज भसीन, राकेश धीरवानी, कपिल चंदानी, रवि खंडेलवाल, धनंजय विक्रम सिंह, राजीव आनंद, आदित्य मूर्ति, अभिनव कटरू, राजेश अग्रवाल, डॉ. महेंद्र सिंह, तेजेंद्र सिंह, सुनीता मूना, उन्मुक्त संभव शील, डॉ. मनीष शर्मा, अधिवक्ता श्रद्धा सक्सेना, ऋषभ दीक्षित, जितेंद्र सिंह, अशोक मित्तल, अंकित सिंघल आदि मौजूद रहे।

# संकट: गोरा लोकनाथपुर पुल की एप्रोच रोड दरकी

## गहरी दरारें पड़ीं, पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने खतरा बढ़ने के बाद गाड़ियों का आवागमन बंद कराया

संवाददाता, मीरगंज

**अमृत विचार :** मीरगंज को आंवला से जोड़ने वाले गोरा लोकनाथपुर गांव के पास रामगंगा नदी पर बने पुल की एप्रोच रोड बढ़ते जलस्तर से ढहनी शुरू हो गई, जिससे ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ने लगी हैं। डेढ़ किमी की इस एप्रोच रोड में कई जगह ऐसे खार पड़ चुके हैं, जिन्हें देखकर पानी का बहाव ऐसे ही रहने पर रोड पूरी तरह नष्ट हो जाने का अनुमान लगाया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि गोराघाट बसंतपुर मार्ग रामगंगा नदी में अत्यधिक पानी आने के कारण लोगों की सुरक्षा के लिए यातायात बंद कर दिया गया है।

प्रधान धर्मेंद्र चौधरी ने बताया कि गोरा लोकनाथपुर के समीप रामगंगा नदी पर बने पुल की एप्रोच रोड के बारे में यदि समय रहते विभाग ने नहीं सोचा तो जल्द ही टूट जाएगी। कई गांवों का आवागमन पूरी तरह से बाधित हो जाएगा।



रामगंगा के तेज बहाव से गोरा लोकनापुर गांव के पास बने पुल में हो रहा कटाव।

### मीरगंज -सिरौली संपर्क मार्ग टूटा

**मीरगंज, अमृत विचार :** बाबा कैलाश गिरी घाट पर रामगंगा नदी पर पुल से दो माह पहले ही आवागमन शुरू हुआ था। पुल का उद्घाटन भी नहीं हुआ था, उससे पहले ही बारिश से रामगंगा में आई बाढ़ से कैलाश गिरी मढ़ी से पहले अप्रोच रोड कट गई। मीरगंज और सिरौली के बीच सड़क तीन जगह से टूट गई। तहसील आंवला और मीरगंज के लोगों का आवागमन बंद हो गया है। अब लोगों को शाहबाद होते हुए आंवला या सिरौली जाना पड़ रहा है। नदी अब आबादी के नजदीक पहुंच गई है। कटान के खतरे को देखते हुए ग्रामीण मकानों को उजाड़ने में जुटे हैं। ईंट निकलकर ट्राली के माध्यम से दूसरे सुरक्षित स्थान पर ले जा रहे हैं। एसडीएम तृप्ति गुप्ता ने बताया किच्छा, बहगुल एवं भाखड़ा में पानी सामान्य स्तर पर पहुंच गया है। राजस्व कर्मचारी नुकसान का सर्वे करेंगे। 35% से अधिक नुकसान सर्वे में मिलेगा उनको मुआवजा की कार्रवाई प्रशासन करेगा। जिसे तहसील की ओर से लिखकर भेजा जाएगा।

### दातागंज मार्ग से हल्के वाहनों की आवाजाही शुरू

**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार :** रामगंगा और बहगुल नदी का जलस्तर अभी भी उसी स्तर पर बह रहा है। हालांकि दातागंज मार्ग की पुलिया पर पानी कम होने से हल्के वाहन निकलने लगे हैं। वहीं बहगुल नदी का जलस्तर अभी बरकरार है, जिससे बहगुल नदी के किनारे गांव को जाने वाले मार्ग पर अभी यातायात शुरू नहीं हो पाया है। दातागंज मार्ग की पुलिया पर पानी होने से बदायूं–मथुरा को जाने वाले भारी वाहन अभी भी बरेली, फरीदपुर होकर निकल रहे हैं। रामगंगा के किनारे के गांव मानपुर, शिवराजपुर, नगरिया कला, जरौल अकट, आदि गांव के ग्रामीणों की फसलें जलमग्न हो गई हैं। बहगुल नदी का जलस्तर बढ़ने से किनारे के गांव खाता, कुठिला, कजरौटा, झादा, शाहपुर बनियान, चठिया फैजू, हेमपुरा, हसनगंज आदि गांवों को जाने वाले मार्गों पर जहां पानी आ गया है वहीं शाहपुर बनियान एवं सैदापुर को जाने वाले मार्ग के कट जाने से यहां भी यातायात बंद हो गया है।

### पांचवें दिन भी शुरू नहीं हो सका आवागमन

**शेरगढ़, अमृत विचार :** ब्लॉक शेरगढ़ के गांव पदमी–कस्बापुर के बीच 15 करोड़ से 2022 में बने पुल की एप्रोच रोड किच्छा नदी में आई बाढ़ में कटने के पांचवें दिन बुधवार को भी बाधित रहा। पीडब्ल्यूडी की ओर से लगाए गए श्रमिक एप्रोच सड़क को ठीक करने के लिए बोरियों में भरी मिट्टी को कटे मार्ग पर लगाकर आवागमन सुचारू करने के प्रयास में जुटे हैं, लेकिन तेज बहाव के चलते उनकी कोशिशें परवान नहीं चढ़ पा रही हैं। पीडब्ल्यूडी के जेई प्रेम सिंह ने बताया कि बाढ़ में क्षतिग्रस्त पुल की एप्रोच सड़क को ठीक करने का प्रयास किया जा रहा है। श्रमिक बोरियों में मिट्टी भरकर क्षतिग्रस्त सड़क को ठीक करने में जुटे हैं। जिम्मेदारों की मानें तो सड़क को अति शीघ्र ठीक कर आवागमन शुरू किया जाएगा। गांव पदमी के ग्राम प्रधान लेखराज वर्मा एवं कस्बापुर के ग्राम प्रधान अरविंद गंगवार ने बताया कि बुधवार को भी रास्ता सुचारू नहीं हो सकी।

## एक नजर

### करंट से किशोर की मौत

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** भोजीपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम मुड़िया हाफिज की गौटिया में इफ्तिखार अहमद के परिवार में बेटे और बेटे की शादी की तैयारी चल रही है। परिजन शादी का सामान लेने नैनीताल हाईवे स्थित ग्राम जादौपुर गए थे, लौटते समय वसुधरन मार्ग पर तजुआ गांव मोड़ के पास गाड़ी रोककर उनके बेटे मोहम्मद कैफ ने लघु शंका की और बकरियों के लिए पाकड़ के पेड़ से पत्ते तोड़ने लगा। पेड़ के बीच से बिजली का तार निकला था, जिसकी वजह से वह करंट की चपेट में आ गया। आनन –फानन उसे बरेली के एक निजी अस्पताल लेकर दौड़े, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मोहम्मद कैफ के भाई और बहन की 20 और 21 सितंबर को शादी है।

### घायल महिला की मौत

**बिशारतगंज, अमृत विचार :** डेढ़ माह पहले रिश्तेदारी से बेटे के साथ बाइक से लौट रही रेखा देवी के ऊपर हिच टूटने से बोरिंग मशीन गिर गई थी। इस हादसे में बेटे राहुल (21) की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि घायल रेखा देवी की बुधवार की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। 23 जुलाई को थाना क्षेत्र के इस्माइलपुर गांव निवासी राहुल मां रेखा देवी के साथ लौटते समय घायल हुए थे।

## सार-संक्षेप

### रामनगर के गांवों में बुखार से दो लोगों की मौत

**सिरौली, अमृत विचार :** रामनगर पीएचसी के गांव सुकटिया उर्फ ताखा और गुलड़िया अरिल में बुखार से दो लोगों की मौत हो गई। स्वास्थ्य विभाग इससे बेखबर है। गांव सुकटिया उर्फ ताखा के सुखराम (50) को एक सप्ताह से बुखार आ रहा था वह व्योंधन खुर्द के झोलाछाप से इलाज करवा रहे थे, बुधवार को बुखार और तेज हो गया तो परिजन उन्हें डॉक्टर के पास ले गए तो झोलाछाप ने उन्हें कही और ले जाने को कहा। घरवाले चंदौसी इलाज के लिए लेकर जा रहे थे रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। इधर गुलड़िया अरिल के बारह साल के बच्चे वसीम खां की बुखार से मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में काफी लोग बुखार से पीड़ित हैं।

### भ्रष्टाचार के खिलाफ बाबा ने किया प्रदर्शन



**फरीदपुर अमृत विचार :** राजस्व कर्मी की कार्यशैली से परेशान पीड़ित पक्ष की ओर से बाबा सरोज नाथ ने फरीदपुर तहसील पहुंचकर प्रदर्शन किया। बुधवार को बाबा सरोज नाथ समर्थकों के साथ नारेबाजी करते हुए एसडीएम कक्ष में पहुंचे और भ्रष्ट राजस्व कर्मचारी को हटाने की मांग करने लगे। एसडीएम गुलाब चंद ने उनसे पूरी जानकारी ली और जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया। बाबा ने बताया कि कस्बे के बीसलपुर रोड पर एक प्लाट है जिस पर भू स्वामी ने मकान बनवाने के लिए नक्शा पास करने को पालिका में प्रार्थना पत्र दिया था, पालिका ने तहसील से रिपोर्ट मांगी लेकिन लेखपाल एक पक्ष से मिली भगत करते हुए पालिका को रिपोर्ट नहीं दी जा रही है। लेखपाल बता रहा है कि यह जमीन एक भट्ठा स्वामी की है। बाबा ने तत्काल ही जांच कर कर रिपोर्ट देने को कहा वरना वहीं तहसील में धरना पर बैठने की बात कही। नायब तहसीलदार अभिषेक तिवारी के समझाने पर बाबा समर्थकों के साथ लौटने को राजी हो गए। नायब तहसीलदार अभिषेक तिवारी ने बताया कि बाबा की शिकायत की जांच चल रही है गुरुवार को जांच पूरी कर भेज दी जाएगी।

### किशोरी का नहीं लगा सुराग, गुमशुदगी दर्ज

**शीशगढ/मानपुर, अमृत विचार :** शीशगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने बताया कि उसकी नाबालिक बेटी पिछले सप्ताह घर से बिना बताए गई थी। जिसकी उम्र 15 साल है। शाम तक काफी तलाशने के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चला। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लड़की की तलाश शुरू कर दी है।

### ईद मिलादुन्नबी पर कॉन्फ्रेंस, उलमा ने की तकरीर

**बहेड़ी, अमृत विचार :** ईदमिलादुन्नबी के मौके पर नगर के मुख्य मार्ग पर आयोजित की गई कांफ्रेंस में उलमा ने तकरीरें पेश कीं और शायरों ने नाते पढ़ी। अंजुमन खुद्दामुल औलिया की ओर से कराई गई इस कांफ्रेंस में मौलाना शरीफ रजा ने बताया कि कुरान में जितने भी नबी हुए, सभी का तजकिरा मौजूद है। उन्होंने कहा कि हुजूर मुहम्मद सल्लाहो अलैहि बसल्ल्म आखिरी नबी हुए। कार्यक्रम में निशात मियां, नासिर तथा मौलाना अनबार अहमद ने समां बांध दिया। सदारत फरीद मियां ने की।

### हरदुआ वाले बाबा का शानोशौकत से मनाया उर्स

**नवाबगंज, अमृत विचार :** हजरत सय्यदी बाबा निजामुद्दीन उर्फ हरदुआ वाले बाबा का 44वां उर्स मनाया गया। ईशा की नमाज के बाद चादर पोशी का जुलूस निकाला गया और तमाम जायरीनों ने चादर दरगाह पर पेश की। उसके बाद जश्न– ए– ईद मिलादुन्नबी कॉन्फ्रेंस का आगाज हुआ, जिसमें मकनपुर से आए हुए शायरे इस्लाम अल्हाज सय्यद रूहुल मुनीम सहाब ने नातो मनकबत से लोगों को रूबरू किया। मकनपुर शरीफ से आए हुए तमाम उलमा और मुफ्तियों ने लोगों को इस्लाम पर और नमाज कायम रखने की हिदायत दी उसके बाद 14 रबीउल अव्वल को कुल शरीफ हुआ कुल शरीफ में जगह जगह लंगर और सरबत की सबीले लगाई गई। उर्स के मौके पर बाबा बदरुद्दीन मिया, बाबा सैफुद्दीन मिया, बाबा रुकनुद्दीन मिया, अहमददीन, मो .अरगून जाफरी, डॉ . सज्जाद जाफरी, सादिक हुसैन जाफरी, सफीर निजामी, सिकंदर हुसैन, साजिद जाफरी, शाकिर जाफरी, सिब्ते हसन जाफरी, शरिफ जाफरी, एडवोकेट हारून अंसारी आदि लोग उर्स में शामिल रहे।

### क्योलड़िया में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शाखा शुरू

**भदपुरा, अमृत विचार :** ब्लॉक क्योलड़िया में बुधवार को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की शाखा शुरू हुई। इसका उद्घाटन बैंक मैनेजर शशिभूषण शर्मा ने किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में स्टेट बैंक आने से गांवों के लोगों को सभी सुविधाएं दी जाएंगी। बैंक ग्राहकों को बेहतर सुविधा मुहैया कराने का प्रयास करेंगी। इस शाखा के शुरू होने से ग्रामीणों को अब बैंकिंग के शहर नहीं जाना पड़ेगा। इस दौरान विनय सिंह, अरुणकुमार, शनिकुमार, अरविंद कयूम शाह, सोनू आदि मौजूद रहे।

### गोष्ठी में हिंदुओं को एकजुट करने पर की चर्चा

**आंवला, अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल की ओर से आंवला के सरस्वती विद्या मंदिर में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें हिंदुओं को एकजुट करने को लेकर चर्चा कर संगठन की विभिन्न इकाईयों के पद भार सौंपे गए। प्रांत सह संगठन मंत्री हरेन्द्र ने कहा कि हिंदू में बटा है। जिन्हें एकजुट करने के लिए प्रयास करने होंगे। अन्यथा बंगाल जैसी स्थिति हो सकती है। कार्यक्रम के दौरान चौधरी एसपी सिंह को राष्ट्रीय किसान परिषद का जिला अध्यक्ष, संत प्रसाद शर्मा को राष्ट्रीय किसान परिषद का जिला महामंत्री बनाया गया।

KESHLATA INTERNATIONAL SCHOOL
NAVADIYA JHADA, BISALPUR ROAD BAREILLY 243006
REQUIRED TRAINED
EXPERIENCED & QUALIFIED STAFF
AS PER C.B.S.E. NORMS FOR THE
SESSION 2024-25
P.G.T. and T.G.T. FOR ALL SUBJECTS
LAB ASSISTANTS -2 RECEPTIONIST - 1
Candidates must be fluent in written and spoken English.
Kindly share your resume on the following mail ID klisbly@gmail.com
PRINCIPAL

### नदी में डूबे किशोर और अधेड़ का शव बरामद

**नवाबगंज, अमृत विचार :** नवाबगंज क्षेत्र की दो अलग– अलग स्थानों पर नदियों में डूबे किशोरी और अधेड़ का शव बुधवार को बरामद हुआ, शव मिलते ही उनके घरों में कोहराम मच गया। सोमवार दोपहर में दोस्तों के साथ दावीखेड़ा पुल पर नदी मे नहाने गया डंडिया वीरमनगला निवासी अमन (16) डूब गया था। जिसका शव 48 घंटे बाद बुधवार को घटना स्थल से तीन – चार किमी दूर झाड़ियो में फंसा दिखाई दिया। जिसे कुरैशनगर मोहल्ले के युवाओं ने बाहर निकालने के बाद सूचना दी। इसके अलावा ग्राम इनायतपुर निवासी जानकी प्रसाद (55) भी मंगलवार दोपहर सिंधैया नदी में डूब गया था। दावीखेड़ा पुल के पास अमन की तलाश में जुटी एनडीआरएस की टीम को पुल के पास से ही उसका शव बरामद हो गया। पुलिस ने दोनों ही शवों का पंचनामा भर पीएम को भेजा है।

#### वृद्ध का नदी में मिला शव

**मीरगंज, अमृत विचार :** घर से लापता वृद्ध का शव गांव तातारपुर में रामगंगा नदी उतराता मिला। प्रभारी निरीक्षक थाना मीरगंज कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी कि 16 सितंबर को ब्रह्मपाल निवासी ग्राम कूप थाना मिलक जिला रामपुर घर से लापता हो गया था। परिजनों ने थाने में भी सूचना दी थी। बुधवार को ब्रह्मपाल का शव गांव तातारपुर में नदी में उतराता मिला। ब्रह्मपाल के बेटे छोटे सिंह निवासी कूप थाना मिलक जनपद रामपुर ने शव की शिनाख्त की।

### सीसीटीवी फुटेज में दिखे सर्राफ को लूटने वाले बदमाश



- दिनदहाड़े सर्राफ का बैग लूटकर भाग गए थे बदमाश

**भुता, अमृत विचार :** भुता थाना क्षेत्र के गांव गंगापुर बाजार में तीन दिन पहले सर्राफा का नकाबपोश बदमाशों ने सोने चांदी से भरा बैग लेकर भाग गए थे। इस मामले पुलिस ने तीसरे दिन कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है, लेकिन अभी तक कोई ठोस सुराग नहीं लगा। हालांकि सीसीटीवी में बदमाश नजर आए है। सोमवार शाम 5 :30 बजे ग्राम गंगापुर की बाजार में ज्वेलर्स पंकज गुप्ता दुकान बंद करके स्कूटी पर बैग रखकर सामने वाली दुकान में जनरेटर का हैंडल रखने गए, इसी दौरान घात लगाए बाइक सवार बदमाश बैग उठाकर भागने लगे तो व्यापारी ने शोर मचाते हुए उनके पीछे छोड़ लगाई। बदमाशों ने दहशत फैलाने हवाई फायरिंग भी की। बैग में रखें 50 ग्राम सोने और सोने चांदी की एक लाख रुपये की गांठे और 25 हजार नकद थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने काबिंग करती रही, लेकिन बदमाशों का कोई सुराग नहीं लगा। ले पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज निकलवाई, जिसमें बाइक सवार तीन बदमाशों के चेहरे दिख रहे हैं, अब उनकी तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सिंह का कहना है कि सीसी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश की जा रही है। और शीघ्र ही खुलासा कर बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी
अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

### बभिया चौकी में रोज निकल रहे सांप, दहशत में पुलिस

- खेतों और जंगलों में पानी भरने से बभिया चौकी में रोज निकल रहे सांप



**हरपाल साहू, कैंट, अमृत विचार :** कैंट के बभिया चौकी में तैनात पुलिसकर्मी इन दिनों अपराधियों से ज्यादा सांपों से डरे नजर आते हैं। यहां शाम ढलते ही पुलिसकर्मी कुर्सी, टेबल, दरवाजे, खिड़कियों की 'सघन चेकिंग' में चेकिंग करते। यह सारी कवायद खुद को बचाने की होती है। दरअसल यहां सांपों ने पैठ बना ली है। यहां तैनात पुलिसकर्मी रात में घबराते हुए समय काटते हैं, क्योंकि यहां ब्लैक कोबरा जैसे जहरीले सांप निकल रहे है। जंगलों और खेतों में पानी भरने से सांपों ने चौकी में अपना ठिकाना बना लिया है। इनके आने की भनक तो नहीं लगती। साफ–सफाई के दौरान या फाइलें उठाते समय अचानक इनकी 'फुंफकार' सुनाई देती है तो पुलिस कर्मी डर जाते हैं। क्योंकि कई बार यह हमलावर हो जाते है। बीते सप्ताह चौकी में सफाई के दौरान कर्मचारी को विशालकाय ब्लैक कोबरा इंवर्टर बॉक्स के पास मिला। आहट होने पर फन उठाकर फुंफकारने लगा। जिसे दो घंटे की मशक्कत के बाद किसी तरह भगाया गया। अगले दिन रात में लघुशंका करने गए चौकी इंचार्ज को एक सांप टॉयलेट के दरवाजे के पास मिला। मंगलवार को दिन में फिर एक बड़ा कोबरा चौकी परिसर में आ गया। बभिया चौकी में इस समय चार पुलिस कर्मियों में उप निरीक्षक हरवीर सिंह, हेड कांस्टेबल सुधीर कुमार, कांस्टेबल सुशील कुमार व सौरभ चीमा हैं। पुलिसकर्मियों ने बताया कि जंगल के सांपों ने चौकी परिसर को सुरक्षित ठिकाना बना लिया है। उन लोगों को सांपों का खौफ इस कदर है कि रात होते ही वे लोग कुर्सी, पलंग पर लेटने–बैठने से पहले दाएं–बाएं, नीचे झुककर कोने–कोने की चेकिंग करते हैं। बभिया चौकी में वैसे तो हर मौसम में सांप मुसीबत बने रहते हैं, लेकिन बरसात और उमस भरी गर्मी में यह ज्यादा दिखाई देते हैं। थाने के आसपास नेवलों की तादात भी खूब है। कई बार दोनों की भयानक जंग देखने को मिलती है।

### महिला को बाइक -नकदी के लिए घर से निकाला

**क्योलड़िया, अमृत विचार :** दहेज में बाइक और नकदी के लिए ससुरालियों ने महिला को प्रताड़ित करके बच्ची के साथ घर से निकाल दिया। काफी समझाने के बाद भी ससुरालियों के व्यवहार में बदलाव नहीं हुआ तो पीड़िता ने थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। क्योलड़िया थाना क्षेत्र के गांव गुलडहाई के चंद्र सेन ने बेटी मीना देवी कि शादी मुकेश निवासी पैनिया हिम्मत थाना दियोरिया पीलीभीत से 3 मई 2023 को की थी। शादी के कुछ दिन बाद ही ससुराली दहेज में बाइक और पचास हजार की नकदी के लिए उसे प्रताड़ित करने लगे। उसके पिता के देने में असमर्थता जताने पर आरोपियों उसे छह की बच्ची के साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने पति मुकेश, जेठ महेंद्र, देवर सोबित, ससुर जगदीश, सास सोमवती के खिलाफ दहेज प्रताड़ना की रिपोर्ट दर्ज कराई।

Rohilkhand
INFERTILITY & IVF CENTRE
Creating life.... completing families.
दिल्ली का जाना-माना IVF सैन्टर
RISAA IVF
Creating life.... completing families.
अब अधूरे सपने होंगे पूरे
निःसन्तानता निवारण टेस्ट ट्यूब सैन्टर



निःशुल्क IVF कैम्प
निःसंतान दम्पत्तियों हेतु
दिनांक : 13 व 27 सितम्बर 2024
दिन शुक्रवार
समय : प्रातः 10:00 से 02 बजे तक
अपनी नन्हीं खुशियों को आज ही अपने घर लाये हमारे साथ !
शिविर में उपलब्ध सुविधायें :-
★ निःसन्तानता सम्बन्धित जाँचें
★ टेस्ट ट्यूब बेबी (IVF) रियायती दरो पर
★ परामर्श मुफ्त ★ लैब टेस्ट भारी छूट पर
★ इन्फर्टीलिटी अल्ट्रासाउंड मात्र 200/- में
विशेषतायें:-
★ 25 वर्षों के अनुभव के साथ।
★ ICSI, I.U.I., लेप्रोस्कॉपी हिस्ट्रोस्कोपी (दुरबीन द्वारा बच्चेदानी व अंडेदानी की जाँच)
★ उच्चतम सफलता दर ★ विश्वस्तीय आधुनिकतम IVF लैब
देश विदेश में हजारों दम्पत्ति हुए लाभान्वित आइये आप भी यह उम्मीद पाएं.....
शिविर स्थान :
RMC BAREILLY
IVF सैन्टर Ist Floor न्यू बिल्डिंग कमरा नं. 106
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
हेल्पलाइन नं० 6398018900

### खेत गई चार लड़कियां लापता, रिपोर्ट

**आंवला, अमृत विचार :** घर से खेतों में घास लेने गई एक गांव की चार लड़कियां संदिग्ध अवस्था में लापता हो गई। परिजनों ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। वहीं मामले को गम्भीरता से लेते हुए पुलिस ने लड़कियों की खोजवीन शुरू कर दी है। थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने बताया कि दो दिन पहले दोपहर 3 बजे उसकी एक 21 वर्षीय, दूसरी 16 वर्षीय बेटी, पड़ोसी की 17 वर्षीय बेटी, और दूसरे पड़ोसी की 16 वर्षीय बेटी एक साथ खेतों से पशुओं को घास लेने गई थीं। रात तक वापस नहीं लौटने पर उनकी तलाश की गई। परंतु उन चारों का कोई सुराग नहीं लगा। एक लड़की के पास मोबाइल है, जो बंद है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### किशोरी से युवकों ने छेड़खानी

**भुता, अमृत विचार :** किशोरी के पशुशाला जाते समय गांव के ही दो युवकों ने छेड़खानी की। शोर मचाने पर जान से करने की धमकी देते हुए भाग गए। परिजनों ने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की, पुलिस जांच में जुटी हुई है। परिजनों ने बताया कि किशोरी शाम को पशुओं को चारा डालने जा रही थी, इसी दौरान गांव के ही दो युवकों ने उससे छेड़खानी की, उसे गन्ने के खेत में खींचकर ले जाने की कोशिश की।

### लूट की साजिश रचते चार आरोपी दबोचे, पांच फरार

**भोजीपुरा, अमृत विचार :** भोजीपुरा पुलिस ने हाईवे पर लूटपाट करने वाले गिरोह के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि पांच लोग भाग गए। पकड़े गए आरोपियों की निशानदेही पर तीन बाइक एक डेबिट और, एक एटीएम कार्ड समेत लूट का सामान बरामद हुआ है। मंगलवार रात 2 बजे भोजीपुरा दोहना पावरग्रिड के पीछे मॉर्डन विलेज जाने वाली रोड के पास कुछ बदमाश लूट की साजिश रच रहे थे। पुलिस ने घेराबंदी करके चार बदमाशों को पकड़ लिया। जबकि पांच भागने में सफल रहे। प्रभारी निरीक्षक भोजीपुरा प्रवीन सोलंकी ने बताया कि पकड़े गए बदमाशों में सनी, कृष्णा पटेल निवासी कुम्हरार थाना इज्जतनगर, विकास राठौर निवासी मुड़िया अहमदनगर थाना भोजीपुरा और एक अपचारी शामिल है।

### स्कूल परिसर में भरे पानी में काई जमी

- गंदे पानी से होकर अध्यापकों और छात्रों को स्कूल में जाना पड़ा



**देवरनियां, अमृत विचार :** नगर पंचायत देवरनियां में शामिल सेमीखेड़ा के प्राइमरी स्कूल में भरा पानी अभी कम नहीं हुआ है। बच्चे और अध्यापक काई जमे पानी से होकर स्कूल में पहुंचे। स्कूल परिसर में एक सप्ताह से बारिश और नाले का पानी भरा हुआ हैं। तीन दिन तक कक्षाएं स्कूल के बजाए बराबर के एक मकान में चलने के बाद बुधवार को स्कूल में कक्षाएं लगीं।

सहायक अध्यापक लक्ष्मीचंद्र ने बताया कि पानी थोड़ा कम जरूर हुआ है, मगर समस्या बरकरार है, पानी में काई जम चुकी है, इसी में होकर बच्चे और अध्यापक कक्षाओं तक पहुंचे। बीईओ विवेक कुमार शर्मा ने नगर पंचायत देवरनियां के अधिशासी अधिकारी को पत्र लिखकर स्थिति से अवगत कराया, और स्थाई समाधान कराने को कहा है। इधर नगर पंचायत चेयरमैन अस्थाई तौर पर समस्या दूर कराने की बात तो कह रहे हैं, मगर उन्होंने देखने तक की जहमत गवारा नहीं की है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**
मैं आर्मी नंबर 15346638W NK रंजीत सिंह, यूनिट 424 (1) ENGR SQN c/o 56 APO हूं। मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरे माता का नाम SHAKUNTALA DEVI व जन्मतिथि 08.07.1960 दर्ज है जो गलत है जबकि उनका वास्तवित नाम SHAKUNTLA DEVI व जन्मतिथि 01.01.1958 है जो कि आधार कार्ड नं. 657306239995 और शपथ पत्र नं. 44AA200066 में है, इसको ही सही माना व जाना जाए। रंजीत सिंह पुत्र राम सिंह।

**सूचना**
मैं आर्मी नंबर 15346638W NK रंजीत सिंह, यूनिट 424 (1) ENGR SQN c/o 56 APO हूं। मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरे पिता का नाम RAM SINGH व जन्मतिथि 07.08.1958 दर्ज जो गलत है जबकि उनकी वास्तवित जन्मतिथि 01.01.1960 है जो कि आधार कार्ड नं. 204136219352 और शपथ पत्र नं. 44AA200065 में है, इसको ही सही माना व जाना जाए। रंजीत सिंह पुत्र राम सिंह।

**सूचना**
मैं अपने पुत्र सरनाम एवं पौत्र संजीत सिंह को उनके दुर्व्यवहार के कारण मैं उन्हें अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई सरोकार नहीं होगा। समेर पुत्र लुकई निवासी ग्राम व पो. सहिजना थाना उचौलिया बंजला लखीमपुर-खीरी

**सूचना**
मेरे दो पुत्र जिनके नाम क्रमशः वीरेन्द्र कुमार व आत्मा राम उर्फ सुशील है। मेरे छोटे पुत्र आत्मा राम एवं उसकी पत्नी अनीता को उनके गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण उन्हें अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य का मुझसे व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा। रामप्रताप पुत्र तिलक राम नि. बेहड़ा पो. सरोनियां थाना उचौलिया जिला खीरी

**सूचना**
मैंने अपनी पुत्री पारस रस्तोगी पत्नी वीरेंद्र रस्तोगी निवासी गढ़ैया के दुर्व्यवहार से क्षुब्ध होकर अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है, भविष्य में अपने लेन-देन, अन्य कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगी, मेरा वास्ता न होगा। नीलम रस्तोगी पत्नी स्व. सुशील रस्तोगी निवासी-412, पंजाबपुरा निकट सरदार जी की चक्की, थाना किला, तहसील व जिला बरेली।

**सूचना**
मेरी हाईस्कूल की मार्कशीट वर्ष 2023 जिसका अनुक्रमांक 123911465 है जो कि वास्तव में कहीं खो गयी है। जिसे काफी तलाशने के बाद अभी तक नहीं मिली। जिसकी सूचना थाने में करा दी गयी है। गज़नबी पुत्र श्री वाकिर निवासी ग्राम बरकलीगंज, हर्रायपुर पो. खुटार, तहसील पुवायां

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपनी विवाहित पुत्रियों वीरेन्द्र कौर, मोहनजीत कौर, रंजीत कौर को उनके चाल चलन एवं व्यवहार ठीक न होने के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। ज्ञान सिंह पुत्र करम सिंह मोहल्ला मेवात मीरगंज, बरेली।

Wanted
Experienced
Accountant (Tally),
Software Developer,
Salary Negotiable
St.Xavier School
Akansha Enclave Near Munshi Nagar, Bareilly
stxc@rediffmail.com

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

